आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594
!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!
वर्ष-11। अंक 111। मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण
इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, शनिवार, 26 अप्रैल, 2025

## न्यूज ब्रीफ

### सुरक्षा जवानों ने लश्कर कमांडर लाली को ठोका

**श्रीनगर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय जवान आतंकियों की खोज में लगे हुए हैं। इस क्रम में उन्होंने बांदीपुरा में मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के शीर्ष कमांडर अल्ताफ लाली को मार गिराया। यह अभियान आतंकी हमले में शामिल संदिग्ध लश्कर आतंकवादियों को पकड़ने के लिए व्यापक सुरक्षा अभियान का हिस्सा है। शुक्रवार की सुबह आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिली थी। इससे पहले खबर आई कि जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शुक्रवार को हुई मुठभेड़ में आतंकवादियों का एक सहयोगी (ओवरग्राउंड वर्कर) मारा गया। अभियान में सुरक्षा बल के दो जवान घायल हो गए। कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में एक सर्च ऑपरेशन तब शुरू किया गया जब एक महिला ने पुलिस को जानकारी दी कि उसने इलाके में चार संदिग्ध लोगों को देखा है।

### पहलगाम का संदिग्ध खच्चर वाला अयाज हिरासत में

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले की पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक फोटो के मामले में तुरंत एक्शन लेते हुए संदिग्ध खच्चर



वाले कीपहचान कर उसे हिरासत में ले लिया है। ये मामला तब सामने आया जब एक महिला पर्यटक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने एक संदिग्ध की फोटो दिखाते हुए उस पर धर्म संबंधी सवाल पूछने का आरोप लगाया था। संदिग्ध अयाज अहमद जंगल निवासी गोहिपोरा रैजन, गांदरबल के रूप में हुई है। संदिग्ध सोनमर्ग के थाजवास ग्लेशियर पर खच्चर चालक का काम करता है।

### वक्फ कानून पर नहीं लगा सकते पूरी तरह रोक : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने की मांग की और कहा कि इस कानून पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती क्योंकि संसद द्वारा बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की परिकल्पना लागू होती है। 1,332 पन्नों के प्रारंभिक जवाबी हलफनामे में सरकार ने विवादास्पद कानून का बचाव करते हुए कहा कि चौंकाने वाली बात यह है कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20 लाख हेक्टेयर (ठीक 20,92,072.536) से अधिक की वृद्धि हुई है।



पहलगाम आतंकी हमले से जुड़े आदिल थोकर के घर का मलबा, जिसे अनंतनाग जिले के बिजभेरा में ध्वस्त कर दिया गया।

### सिंधु जल संधि पर अमित शाह के घर मैराथन बैठक के बाद फैसला

# एक बूंद भी पानी न जाए पाकिस्तान

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

सिंधु जल संधि स्थगन के बाद पानी के प्रबंधन और उपयोग को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर शुक्रवार को बैठक हुई। इस बैठक में विदेश मंत्री,



जल शक्ति मंत्री और तीनों मंत्रालय के सचिव स्तर के अधिकारी मौजूद थे। इस बैठक में फैसला किया गया कि पाकिस्तान जाने वाला पानी रोका जाएगा। तीन चरण में फैसला लागू होगा। तुरंत, मिड टर्म और लॉन्ग टर्म। पाकिस्तान में एक बूंद भी पानी न जाए, यह व्यवस्था की जाएगी।

### 'पाकिस्तानियों को खोज-खोजकर वापस भेजें' : शाह के निर्देश

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बड़ा फैसला लिया है। गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान से जुड़े सारे वीजा कैंसिल करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में गृहमंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की है। उन्होंने मुख्यमंत्रियों से कहा है कि वे अपने-अपने राज्यों से पाकिस्तान के लोगों को जल्द से जल्द हटाएं। गृहमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक के बाद ये फैसला लिया है।



अमृतसर के पास अटारी-वाघा सीमा पर एकीकृत चेक पोस्ट पर सीमा पार करने के लिए मंजूरी का इंतजार करते हुए पाकिस्तानी नागरिक अपने पासपोर्ट दिखाते हैं। पहलगाम आतंकी हमलों के बाद भारत ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के तहत अटारी सीमा को सभी तरह की आवाजाही के लिए बंद करने की घोषणा की है।

### आतंकी आदिल गुरी और आसिफ शेख के घर किए गए ध्वस्त

पहलगाम हमले में आतंकी आसिफ शेख और आदिल गुरी का नाम भी सामने आया था। सुरक्षा बल के जवान आदिल और आसिफ शेख के घर सर्च ऑपरेशन के लिए गए थे। इस दौरान संदिग्ध सामान देख खतरे का एहसास हुआ। सुरक्षा बल के जवान यह देख तुरंत पीछे हट गए, तभी बड़ा धमाका हो गया। इसमें आदिल का घर बुरी तरह टूट गया। बीजबेहरा का आदिल थोकर लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा है। उसे आदिल गुरी के नाम से भी जाना जाता है। आदिल की मां शहजादा बानो ने कहा है कि अगर उसका बेटा इसमें शामिल है तो फोर्स को अख्तियार है वो जो चाहे करे। एनकाउंटर करना चाहे तो एनकाउंटर करे। अगर वो जिंदा है तो वो सरेंडर करे क्योंकि उसकी वजह से हमें तकलीफ हो रही है। कल मुझे जो तस्वीर दिखाई गई वो आदिल की नहीं है। दूसरे आतंकी आसिफ शेख के त्राल में बने घर को बुलडोजर से गिरा दिया। आसिफ शेख की बहन ने कहा, "मेरा एक भाई जेल में है और दूसरा मुजाहिदीन है, मेरी दो बहनें भी हैं। उन्हें पुलिस तीन दिन पहले ले गई है। मैं ससुराल में थी। जब मैं यहां पहुंची तो सुरक्षा बलों के लोग आए और हमें घर से बाहर कर घर गिरा दिया।

#### सीएम उमर अब्दुल्ला का बयान

सिंधु जल संधि को निलंबित करने के केंद्र सरकार के फैसले पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा "भारत सरकार ने हमले के बाद कुछ ठोस कदम उठाए हैं। जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, हम कभी भी सिंधु जल संधि के पक्ष में नहीं रहे हैं। हमारा हमेशा से मानना रहा है कि सिंधु जल संधि जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे अनुचित दस्तावेज है।"

#### वर्ल्ड बैंक को दी जाएगी जानकारी

सूत्रों का कहना है कि वर्ल्ड बैंक ने यह संधि कराई थी। लिहाजा भारत सरकार के इस फैसले की जानकारी उन्हें भी दे दी जाएगी। इस फैसले पर तुरंत अमल शुरु हो जाएगा। भारत ने सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित रखने के अपने निर्णय के बारे में पाकिस्तान को पहले ही सूचित कर दिया है और कहा है कि पाकिस्तान ने इसकी शर्तों का उल्लंघन किया है।

#### यूएनएससी में जाएगा पाकिस्तान

पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने जो सख्त कदम उठाए हैं, उनसे पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। सिंधु जल समझौते को पहली बार रोकने के फैसले पर पाकिस्तान ने कहा है कि वह अब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जाएगा और वहां चीन और रुस जैसे देशों से मदद की गुहार लगाएगा, ताकि वे भारत के खिलाफ सख्त कदम उठाएं। पाकिस्तान की ओर से यह भी कहा गया है कि अगर भारत ने सिंधु जल समझौते के तहत पानी का प्रवाह रोकने का कदम उठाया तो पाकिस्तान की स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

### सावरकर पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को फटकार

# स्वतंत्रता सेनानियों पर सोच-समझकर बोलें : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधीको स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर की गई उनकी एक विवादास्पद टिप्पणी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। शुक्रवार को हुई

**फटकार**

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राहुल गांधी को सख्त लहजे में आगाह किया कि वे स्वतंत्रता सेनानियों के इतिहास और उनके योगदान को पूरी तरह समझे बिना इस तरह के बयान देने से बचें। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने सावरकर पर टिप्पणी के मामले में राहुल के खिलाफ ट्रायल कोर्ट के समन पर रोक लगा दी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 4 अप्रैल को समन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद राहुल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी।

#### 'आप ऐसे बयान नहीं दे सकते'

मामले की सुनवाई जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने की। शुरुआत में ही जस्टिस दत्ता ने राहुल गांधी के उस बयान पर आपत्ति जताई जिसमें उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का सेवक बताया था। जस्टिस दत्ता ने पूछा कि क्या महात्मा गांधी को भी अंग्रेजों का सेवक कहा जा सकता है, सिर्फ इसलिए कि उन्होंने वायसराय को लिखे अपने पत्रों में 'your faithful servant' यानी 'आपका वफादार सेवक' शब्द का इस्तेमाल किया था।

#### 'शब्दों का चयन सोच-समझकर करें'

जस्टिस दत्ता ने राहुल गांधी के वकील ए.एम. सिंघवी से पूछा, 'क्या आपके क्लाइंट को पता है कि महात्मा गांधी ने भी वायसराय को संबोधित करते हुए आपका वफादार सेवक* शब्द का इस्तेमाल किया था? क्या उन्हें पता है कि उनकी दादी (इंदिरा गांधी) ने, जब वह प्रधानमंत्री थीं, तब भी उस सज्जन (सावरकर), स्वतंत्रता सेनानी की प्रशंसा करते हुए एक पत्र भेजा था? कोर्ट ने कहा, "स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के लिए अपार बलिदान दिए हैं। उनके योगदान को कमतर आंकने या गलत तरीके से पेश करने वाले बयानों से समाज में गलत संदेश जाता है। राहुल गांधी जैसे जिम्मेदार नेता को अपने शब्दों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए।*



#### 'कोई इस तरह सेवक नहीं बन जाता'

जस्टिस दत्ता ने कहा, "वह एक प्रतिष्ठित व्यक्ति और राजनीतिक दल के नेता हैं। आप अकोला जाते हैं और यह बयान देते हैं, महाराष्ट्र में जहां उनकी (सावरकर) पूजा की जाती है? आप यह बयान क्यों देते हैं?" कलकत्ता हाई कोर्ट के जज भी ब्रिटिश काल के दौरान चीफ जस्टिस को 'आपका सेवक' कहकर संबोधित करते थे। जस्टिस दत्ता ने कहा, 'कोई इस तरह से सेवक नहीं बन जाता है। अगली बार, कोई कहेगा कि महात्मा गांधी अंग्रेजों के सेवक थे। आप इस तरह के बयानों को प्रोत्साहित कर रहे हैं।'

#### ऐसा बयान दिया तो कोर्ट स्वत: संज्ञान लेगा'

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राहुल गांधी को चेतावनी देते हुए कहा, "अगर भविष्य में इस तरह का कोई भी बयान दिया गया, तो सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान लेगा और मामले की गहन सुनवाई करेगा।* कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान की रक्षा करना न केवल सामाजिक, बल्कि कानूनी जिम्मेदारी भी है। यह मामला उस याचिका से जुड़ा है, जिसमें राहुल गांधी के एक हालिया बयान को वीर सावरकर के खिलाफ आपत्तिजनक और अपमानजनक बताया गया था। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि राहुल गांधी ने एक सार्वजनिक सभा में सावरकर के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को लेकर तथ्यात्मक रूप से गलत और अपमानजनक टिप्पणी की थी।

### मुख्यमंत्री ने की पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा योजना की समीक्षा

# आपातकालीन चिकित्सा में प्रभावी पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा : सीएम डॉ. यादव

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हर जीवन अमूल्य है, आपातकालीन चिकित्सकीय परिस्थितियों में व्यक्ति को उन्नत स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य पीएमएयर एम्बुलेंस सुविधा प्रदेश में आरंभ की गई है। इस सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार और जिला स्तर पर बेहतर विभागीय

**समीक्षा**

समन्वय से क्रियान्वयन आवश्यक है। ऐसे क्षेत्रों में जहां उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, वहां पीपीपी मोड पर चिकित्सालय बनाने के प्रस्ताव तैयार किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में पीएम एयर एम्बुलेंस सेवा योजना की वृहद समीक्षा की। उन्होंने योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए गृह विभाग, स्वास्थ्य विभाग और विमानन विभाग की समन्वय पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि सेवाओं का बेहतर उपयोग सुनिश्चित कर अमूल्य जीवन का संरक्षण किया जा सके।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आपातकालीन स्थितियों में जैसे सड़क



दुर्घटना या प्राकृतिक आपदा में, ट्रॉमा यूनिट और प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम को घटना स्थल तक एयर एम्बुलेंस द्वारा पहुंचाया जाना चाहिए। इसके साथ ही एयर एम्बुलेंस सेवा के बेहतर उपयोग के लिए सेंसिटिव क्षेत्रों में प्राथमिकता से आवश्यक लैंडिंग अधोसंरचना का विकास करने पर उन्होंने जोर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऐसे क्षेत्र जहाँ सड़क दुर्घटनाएं अधिक होती हैं उन्हें चिन्हित करने और इन क्षेत्रों से ट्रॉमा सेंटर तक जल्दी पहुंचाने के लिए सुनियोजित योजना पर कार्य करने के निर्देश दिये, ताकि शीघ्रता से पीड़ित को चिकित्सकीय सेवाएं मुहैया कराई जा सकें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिविल सर्जन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कलेक्टर, और पुलिस प्रशासन को सतत संपर्क में रहने और आवश्यकता पड़ने पर एयर एम्बुलेंस सेवा का उपयोग करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिला स्तर पर योजना के प्रावधानों और सेवाओं के प्रति विभागीय अधिकारियों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बैठक में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं और आपदाओं में गोल्डन ऑवर ट्रीटमेंट अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इसके लिए भारत सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से आवश्यक सेवाओं के प्रावधान किए जा रहे हैं। मंत्रालय से संपर्क कर सेवाओं के बेहतर उपयोग और प्रबंधन को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, अपर मुख्य सचिव गृह जे. एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन शिव शेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य संदीप यादव, आयुक्त विमानन चंद्रमौली शुक्ला सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

#### अब तक 61 रोगियों को मिली पीएमएयर एम्बुलेंस सेवा का लाभ

बैठक में बताया गया कि अब तक 61 मरीजों को पीएमएयर एम्बुलेंस सेवा का लाभ प्राप्त हुआ है। इनमें से 52 मामलों में निःशुल्क सेवा प्रदान की गई है, जबकि 9 मामलों में सशुल्क सेवा दी गई। इन 61 मामलों में, रीवा जिले से 19 रोगियों का एयर एम्बुलेंस से परिवहन किया गया, जिनमें से 17 को निःशुल्क सेवा मिली। इसके अलावा जबलपुर से 11, भोपाल से 8, छतरपुर से 6, ग्वालियर और दिल्ली से 3-3 मरीजों को एयर एम्बुलेंस सेवा प्राप्त हुई। बालाघाट, इंदौर, और पन्ना से 2-2 रोगियों को और बैतूल, कटनी, नरसिंहपुर, सतना और उज्जैन से 1-1 मरीजों को यह सेवा प्राप्त हुई। इन 61 मामलों में सबसे अधिक 14 प्रकरण हृदय रोग से संबंधित थे। इसके अतिरिक्त श्वसन रोग के 10, सड़क दुर्घटनाओं के 7, और हेड इंजरी एवं स्पाइनल इंजरी के 6 मामले रहे। इसके अलावा, लिवर रोग और अंग दान से जुड़े 3-3, किडनी रोग और बर्न के 2-2 मरीजों को एयर एम्बुलेंस सेवा से उच्च स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुँचाया गया। अन्य 14 गंभीर प्रकरणों में त्वरित रेफरल की आवश्यकता थी।

### पूर्वी भारत को मिली नई संजीवनी: मणिपाल हॉस्पिटल्स ने 'डिसीज़्ड ऑर्गन और टिशू डोनेशन – ईस्ट रीजन' की शुरुआत की

# जन-जागरूकता और अस्पतालों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने की पहल

**संवाददाता ● कोलकाता**



मणिपाल हॉस्पिटल्स की एक अग्रणी पहल मणिपाल ऑर्गन शेयरिंग एंड ट्रांसप्लांट (MOST) ने आज मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल (जो मणिपाल हॉस्पिटल्स नेटवर्क की एक इकाई है) में 'डिसीज़्ड ऑर्गन और टिशू डोनेशन' के पूर्वी भारत चैप्टर का शुभारंभ किया। इस आयोजन में कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों और वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें प्रो. (डॉ.) मणिमय बंद्योपाध्याय, निदेशक, रीजनल ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (ROTTO) एवं निदेशक, IPGMER, प्रो. (डॉ.) अनिरुद्ध नेओगी, SOTTO नोडल ऑफिसर – स्वास्थ्य भवन, प्रो. (डॉ.) देबांसु सरकार, जॉइंट डायरेक्टर ROTTO, डॉ. (कर्नल) अवनीश सेठ, वीएसएम, कंट्री हेड – MOST, डॉ. अर्पिता रे चौधुरी (लाहिड़ी), वरिष्ठ सलाहकार – नेफ्रोलॉजी एवं ट्रांसप्लांट, अध्यक्ष – ISOT, और मणिपाल हॉस्पिटल, मुकुंदपुर की सलाहकार, डॉ. शुगोता चक्रवर्ती, रीजनल हेड – मेडिकल सर्विसेस, ईस्ट, और डॉ. अयनाभ देबगुप्ता, रीजनल सीओओ, मणिपाल हॉस्पिटल्स – ईस्ट शामिल थे। पूर्वी भारत के विभिन्न प्रतिष्ठित अस्पतालों के विशेषज्ञों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को एक सामूहिक कदम में बदल दिया, जिसका उद्देश्य मृतक अंग दान प्रणाली को मज़बूत करना और आम जनता में इसके प्रति जागरूकता फैलाना है।

**पहल**

हालांकि भारत में चिकित्सा सुविधाएं बेहतर हो रही हैं, लेकिन अंग दान की आवश्यकता और उपलब्धता के बीच भारी अंतर बना हुआ है। हर दिन लगभग 6,000 लोगों की मृत्यु अंग प्रत्यारोपण की अनुपलब्धता के कारण होती है। जबकि किडनी और लिवर जैसे अंगों के लिए जीवित दाताओं से कुछ हद तक समाधान निकला है, वहीं हृदय और फेफड़े जैसे अंग केवल ब्रेन-डेड डोनरों से ही मिल सकते हैं — लेकिन इस दिशा में जागरूकता और सहमति की दर बेहद कम है।

**इस अवसर पर ROTTO के निदेशक प्रो. (डॉ.) मणिमय बंद्योपाध्याय ने कहा** :"मणिपाल ग्रुप द्वारा यह प्रतिबद्ध कदम मृतक अंग दान की दिशा में एक आशा की किरण है। 2018 के बाद इस क्षेत्र में प्रगति रुक सी गई थी, जिसे महामारी ने और धीमा कर दिया। इस प्रक्रिया में ICU डॉक्टरों की भूमिका बेहद अहम होती है, जो परिवारों के सबसे नज़दीक होते हैं उस कठिन घड़ी में। ROTTO ऐसे डॉक्टरों को प्रशिक्षण और संवेदनशीलता देने पर विशेष ध्यान दे रहा है। कॉरपोरेट हॉस्पिटल्स जैसे मणिपाल इस प्रयास को नई दिशा दे सकते हैं।"

**डॉ. अर्पिता रे चौधुरी (लाहिड़ी) ने कहा:**"MOST के पूर्वी चैप्टर की शुरुआत इस क्षेत्र में मांग और उपलब्धता के बीच की खाई को भरने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह पहल मृतक अंग दान की बातचीत को सामान्य बनाने की दिशा में कार्य करेगी—चाहे वह मेडिकल समुदाय हो या आम जनता। विश्वास पैदा करना, परिवारों को संवेदनशील बनाना, और अस्पतालों के बीच समन्वय को मज़बूत करना इस मिशन की आधारशिला हैं।"

### डॉ. शुगोता चक्रवर्ती ने कहा

"यह पहल मणिपाल हॉस्पिटल्स के लिए एक उपलब्धि है और पूर्वी भारत के हेल्थकेयर इकोसिस्टम के लिए एक परिवर्तनकारी मोड़। हर 17 मिनट में कोई ट्रांसप्लांट का इंतज़ार करते हुए दम तोड़ देता है। इस पहल के माध्यम से हम एक पारदर्शी, करुणामयी और मज़बूत प्रणाली विकसित करना चाहते हैं, जो पीड़ित परिवारों को समर्थन दे और मरीजों को जीवन का दूसरा मौका।"

### डॉ. (कर्नल) अवनीश सेठ ने कहा

"पिछले दो दशकों के प्रयासों के कारण भारत अब दुनिया में अंग प्रत्यारोपण में तीसरे और मृतक अंग दान में आठवें स्थान पर है। फिर भी केवल कुछ राज्यों और विशेष केंद्रों की बदौलत यह संभव हो पाया है। 10% से भी कम लोग जो ट्रांसप्लांट के लिए प्रतीक्षा करते हैं, उन्हें अंग मिल पाता है। अब समय आ गया है कि अंग और ऊतक दान को एंड-ऑफ-लाइफ केयर का हिस्सा बनाया जाए।"

### डॉ. अयनाभ देबगुप्ता ने कहा

"हम पूर्व में MOST की दृष्टि लेकर आए हैं। आज के इस कार्यक्रम में जो सामूहिक ऊर्जा और विशेषज्ञता दिखाई दी, वह इस क्षेत्र की तत्परता को दर्शाता है। हम ICU डॉक्टरों और नर्सों के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम, जिला और टियर-2/3 शहरों में जन-जागरुकता अभियान और स्कूलों के पाठ्यक्रम में अंग दान को शामिल करने की सिफ़ारिश करेंगे।"

इस लॉन्च इवेंट में दीप प्रज्वलन, कीनोट संबोधन और एक पैनल चर्चा का आयोजन भी किया गया, जिसका विषय था–"पूर्वी भारत में अस्पतालों के बीच सहयोग के ज़रिए मृतक अंग दान को कैसे बढ़ाया जाए", जिसमें देश भर के प्रमुख नेफ्रोलॉजिस्ट्स, क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट्स और ट्रांसप्लांट सर्जन्स ने भाग लिया।

## शॉर्ट न्यूज

### अधिकारी का मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को पकड़ा

**इंदौर।** भंवरकुआं में पुलिस ने मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लूटे हुए मोबाइल भी बरामद हुए हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इन मोबाइलों को बेचने वाले कौन हैं। भंवरकुआ पुलिस ने इस मामले में सरकारी अफसर विनय चौहान की शिकायत पर संजय और अनिल के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार रात करीब 11 बजे विनय चौहान नेहरू स्टेडियम के पास मोबाइल पर बात करते हुए टहल रहे थे, तभी एक बाइक पर सवार दोनों बदमाशों ने उनसे मोबाइल लूट लिया। बाद में आरोपी भागने लगे, लेकिन कुछ लोगों ने उनका पीछा किया और बाइक सहित उन्हें पकड़ लिया।पुलिस ने रात में आरोपियों से दो मोबाइल जब्त किए हैं।

### महिला से छेड़छाड़-मारपीट, पिता का पूर्व मित्र साजिद गिरफ्तार

**इंदौर।** परदेशीपुरा इलाके में एक महिला से छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। महिला ने अपने पिता के पूर्व मित्र साजिद उर्फ बलवीर खान पर रास्ता रोकने, अभद्रता और मारपीट के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर साजिद को गिरफ्तार कर लिया है। परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक, साजिद सुखलिया का रहने वाला है और खुद को मीडियाकर्मी बताकर पुलिस पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा था। आरोपी के खिलाफ पहले से तीन आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पीड़िता ने बताया कि वह अपने पिता के घर आई थी और बुधवार रात करीब 11 बजे नंदानगर स्थित अपने निवास लौट रही थी। रास्ते में साजिद ने उसे रोक लिया। वह नशे में था और पुराने पारिवारिक विवाद को लेकर उसे गालियां देने लगा।

### होस्टल के छात्रों को लाठी-डंडों-बेल्ट से पीटा

**इंदौर।** लसूडिया में निजी होस्टल में रहने वाले छात्र के साथ गुरुवार देर रात बाहरी युवकों ने जमकर मारपीट कर दी। युवती को लेकर हुई कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ा कि हमलावरों ने हॉकी, डंडे और बेल्ट निकालकर छात्र पर हमला कर दिया। घटना के वीडियो भी सामने आए हैं, जो आसपास मौजूद लोगों ने बनाए। फिलहाल पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी की तलाश की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मारपीट की जड़ में एक युवती को लेकर हुआ विवाद है। दरअसल, आरोपी युवकों के दोस्त प्रभांसु पांडे की किसी युवती को लेकर मोबाइल पर छात्र रोहन तिवारी से बहस हुई थी, जिसके बाद हमले की योजना बनाई गई। घटना रात करीब 2 बजे की है। लसूडिया पुलिस के एसआई मुकेश झारिया टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के मुताबिक प्रेस्टीज कॉलेज का छात्र रोहन तिवारी, जो पास के निजी होस्टल में रहता है, रात को टहल रहा था।

# आत्महत्या रोकथाम को समर्पित मध्य भारत का पहला राष्ट्रीय मनोरोग सम्मेलन

### भोपाल में 26- 27 अप्रैल को

**संवाददाता ● भोपाल**

मध्य भारत के इतिहास में पहली बार, "IAPP मिड-टर्म CME 2025" के रूप में राष्ट्रीय स्तर के मानसिक स्वास्थ्य सम्मेलन का आयोजन भोपाल में किया जा रहा है। यह सम्मेलन 26 अप्रैल 2025 (शनिवार) से ताज लेकफ्रंट में आयोजित होगा। जिसका मुख्य विषय आत्महत्या रोकथाम एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है। सम्मेलन का उद्घाटन शाम 4 बजे उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल द्वारा किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि डॉ. सलोनी सिदाना तथा विशेष अतिथि डॉ. कविता एन. सिंह, डीन, गांधी मेडिकल कॉलेज, इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

**उद्घाटन**

यह आयोजन इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट साइकाइट्री (IAPP) के तत्वावधान में प्रो. डॉ. आर. एन. साहू, पूर्व विभागाध्यक्ष, मनोरोग विभाग, गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल, एवं डॉ. समीक्षा साहू, सह-प्राध्यापक, मनोरोग विभाग, GMC भोपाल द्वारा किया जा रहा है। सम्मेलन में देश भर से 45 प्रमुख विशेषज्ञ वक्ता शामिल हो रहे हैं। साथ ही संयुक्त राज्य अमेरिका से दो अंतरराष्ट्रीय वक्ता भी वर्चुअल माध्यम से अपने विचार साझा करेंगे। यह सम्मेलन छात्रों, बुजुर्गों, ट्रॉमा सर्वाइवर्स और LGBTQ+ समुदाय जैसे संवेदनशील वर्गों में आत्महत्या की समस्या पर गहन चर्चा कर रोकथाम की रणनीतियाँ प्रस्तुत करेगा।

सम्मेलन का विशेष आकर्षण आत्महत्या रोकथाम एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए वॉकाथॉन का आयोजन किया गया है, जो 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे गांधी मेडिकल कॉलेज परिसर में आयोजित होगा। आयोजन में डॉ. मुकुल और डॉ. संदीप, जीएमसी के पीजी छात्रों का अहम योगदान रहेगा । आज भोपाल में आयोजित प्रेस वार्ता में डॉ. मृगेश वैष्णव, अध्यक्ष, इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट साइकाइट्री (IAPP) ,डॉ. जे. पी. अग्रवाल, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, मनोरोग विभाग, GMC भोपाल, डॉ. रुचि सोनी, सह-प्राध्यापक, GMC , डॉ. राहुल शर्मा, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, जेपी अस्पताल ने आयोजन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम है, जो आत्महत्या रोकथाम को लेकर समाज में जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा देगा।

# ऑटोरिक्शे में गौमांस से भरी 6 बोरियां मिलीं, चालक धराया, दो भाग निकले

**संवाददाता ● इंदौर**

बजरंग दल के जिला संयोजक सोनू पटेल के नेतत्व में गौमांस तस्करों की धरपकड़ की गई। मामला थाना किशनगज महू का है, जहां फरियादी अभिनव, शोभित वर्मा व भरत उर्फ सोनू कासोटे के साथ एक ऑटोरिक्शे के साथ थाने पर आए। उन्होंने बताया कि हम सभी बंजरगं दल के कार्यकर्ता हैं। शुक्रवार अलसुबह 5.30 बजे हमें पता चला कि ऑटोरिक्शा MP-09-RB-2878 में गौ मांस भरकर दो लोग महू से इंदौर लेकर जा रहे हैं। हम लोग एक्वा पॉइंट के सामने खड़े हो गये। कुछ देर बाद महू तरफ से वही ऑटोरिक्शा आते हुए देखा तो उसे रोका। उसमें मोमिन निवासी बंडा बस्ती महू भाग गया। ऑटो चालक को पकड़ा तो पूछने पर उसने अपना नाम मोईन पिता रहमान खान उम्र 25 साल निवासी 12 काजी की चाल मालवा मिल इंदौर बताया। ऑटोरिक्शे को चेक किया तो उसमें बोरियों में गौमांस भरा हुआ मिला। ऑटोरिक्शे को लेकर हम किशनगंज थाने पर आये हैं। पुलिस को ऑटो में गौमांस भरी 6 बोरियां मिलीं। बता दें कि इसके पहले भी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने महू से इंदौर गौमांस तस्करों को पकड़ा है। सवाल यह है कि ये गौमांस तस्कर बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद् के कार्यकर्ताओं की पकड़ में तो आ जाते हैं, लेकिन महू पुलिस क्या कर रही है।

### दरगाह पर करवाया हनुमान चालीसा पाठ और भंडारा

# पहलगाम हमले से दु :खी होकर मुस्लिम धर्म छोड़ा



**संवाददाता ● इंदौर**

कुलकर्णी भट्टा इलाके में एक अनोखा घटनाक्रम सामने आया है, जहां पहले मुस्लिम धर्म अपना चुके श्यामू ने फिर से हिंदू धर्म अपना लिया है। श्यामू ने ऐलान किया कि जिस दरगाह परिसर में वह पहले कव्वाली का आयोजन कराते थे, अब वहां केवल हनुमान चालीसा, रामायण और सुंदरकांड का पाठ होगा। उन्होंने इसी मौके पर दरगाह परिसर में भंडारे का आयोजन किया, जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोग भी शामिल हुए। यह कार्यक्रम धार्मिक सौहार्द और आपसी समझ का प्रतीक बन गया। बता दें कि श्यामू मूल रूप से हिंदू थे, लेकिन कव्वाली और सूफी संगीत से प्रभावित होकर उन्होंने इस्लाम धर्म अपना लिया था। हाल ही में जब उन्होंने यह खबर सुनी कि पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर लोगों की हत्या कर दी, तो उन्होंने इस घटना से गहरा आघात महसूस किया। इसके बाद उन्होंने कव्वाली का आयोजन बंद कर दिया और सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ और प्रसाद वितरण शुरू कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देकर हुई। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर देश के शहीदों को नमन किया। कभी शहाबुद्दीन बन चुके श्याम लाल उर्फ श्यामू ने अपने बयान में कहा कि पहलगाम की घटना ने उन्हें अंदर तक झकझोर दिया। उन्होंने कहा, "मैं भटक गया था और गलत रास्ते पर चला गया था। समाज के लोगों से संवाद और उनके मार्गदर्शन के बाद उन्होंने दोबारा अपने मूल हिंदू धर्म में वापसी की है। श्यामू ने कहा कि अब हर साल दरगाह परिसर में भंडारा और हनुमान चालीसा का पाठ होगा। कव्वाली का आयोजन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।

**घर वापसी की थी कोशिश** : इस मामले में पूर्व पार्षद जीतू यादव ने बताया कि वह और अन्य लोग काफी समय से श्यामू की घर वापसी के प्रयास में जुटे थे। जब पहलगाम में कायराना हमला हुआ, हमने इसकी पूरी जानकारी श्यामू के परिवार को दी। इसके बाद परिवार ने विचार कर यह निर्णय लिया कि मुस्लिम धर्ममें रहना उचित नहीं। जीतू यादव ने बताया कि यह फैसला पूरी तरह से पारिवारिक और आत्मचिंतन का परिणाम है।

# एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए 35,577 करोड़ रुपये का नया व्यवसाय प्रीमियम दर्ज किया

**संवाददाता ● मुंबई**

देश की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए 35,577 करोड़ रुपये का नया व्यवसाय प्रीमियम दर्ज किया, जबकि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए यह 38,238 करोड़ रुपये था। 31 मार्च, 2024 को समाप्त पिछले वर्ष की तुलना में नियमित प्रीमियम में 11% की वृद्धि हुई है। सुरक्षा पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करते हुए, एसबीआई लाइफ का सुरक्षा नया व्यवसाय प्रीमियम 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए 4,095 करोड़ रुपये रहा। सुरक्षा व्यक्तिगत नया व्यवसाय प्रीमियम 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए 793 करोड़ रुपये रहा। व्यक्तिगत नया व्यवसाय प्रीमियम 31 मार्च, 2024 को समाप्त पिछले वर्ष की तुलना में 11% वृद्धि के साथ 26,360 करोड़ रुपये रहा। 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए एसबीआई लाइफ का कर पश्चात लाभ 2,413 करोड़ रुपये रहेगा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 27% की वृद्धि है। कंपनी का सॉल्वेंसी अनुपात 31 मार्च 2025 तक 1.96 पर मजबूत बना रहेगा, जबकि नियामक आवश्यकता 1.50 है। एसबीआई लाइफ का एयूएम भी 15% की वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2025 को 4,48,039 करोड़ रुपये हो गया, जो 31 मार्च, 2024 को 3,88,923 करोड़ रुपये था, जिसमें 61:39 का ऋण-इक्विटी मिश्रण है। 94% ऋण निवेश एएए और सॉवरेन उपकरणों में हैं। कंपनी के पास 3,09,034 प्रशिक्षित बीमा पेशेवरों का एक विविध वितरण नेटवर्क और देश भर में 1,110 कार्यालयों के साथ व्यापक उपस्थिति है, जिसमें मजबूत बैंकाश्योरेंस चैनल, एजेंसी चैनल और कॉर्पोरेट एजेंट, दलाल, बिक्री केन्द्र व्यक्ति (पीओएस), बीमा विपणन फर्म, वेब एग्रीगेटर और प्रत्यक्ष व्यवसाय शामिल हैं।

**सुरक्षा**

### 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए प्रदर्शन

- 22.8% बाजार हिस्सेदारी के साथ 19,354 करोड़ रुपये के व्यक्तिगत रेटेड प्रीमियम में निजी बाजार का नेतृत्व
- 9% की वृद्धि के साथ वार्षिक प्रीमियम समतुल्य (APE) 21,417 करोड़ रुपये पर है
- 43% की वृद्धि के साथ व्यक्तिगत नए व्यवसाय की बीमित राशि 2,76,918 करोड़ रुपये पर है
- 13M और 61M की निरंतरता में क्रमशः 63 बीपीएस और 528 बीपीएस का सुधार
- नए व्यवसाय का मूल्य (VoNB) 7% की वृद्धि के साथ 5,954 करोड़ रुपये पर है।
- VoNB मार्जिन 27.8% पर है।
- भारतीय एम्बेडेड मूल्य (IEV) 21% की वृद्धि के साथ 70,250 करोड़ रुपये पर है
- कर पश्चात लाभ (पीएटी) 27% वृद्धि के साथ 2,413 करोड़ रुपये रहा
- एम्बेडेड मूल्य पर परिचालन रिटर्न 20.2% रहा
- प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां 15% वृद्धि के साथ 4,48,039 करोड़ रुपये रही

### संगोष्ठी में कई प्रतिष्ठित वक्ताओं ने व्याख्यान दिया

# "मैटेरियल्स और कम्प्यूटेशनल साइंसेज़ में नवीनतम प्रगति" पर संगोष्ठी का आयोजन

**संवाददाता ● भोपाल**





वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय के उन्नत विज्ञान एवं भाषाओं के स्कूल के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा "मैटेरियल्स और कम्प्यूटेशनल साइंसेज़ में नवीनतम प्रगति" विषय पर एक संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस आयोजन में अग्रणी वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और छात्रों ने भाग लिया और मटेरियल साइंस तथा कम्प्यूटेशनल केमिस्ट्री और फिजिक्स में नवीनतम विकास पर विचार-विमर्श किया। संगोष्ठी में कई प्रतिष्ठित वक्ताओं ने व्याख्यान दिया। डॉ. मृगेन्द्र दुबे, एसोसिएट प्रोफेसर, आईआईटी इंदौर, ने उन्नत मैटेरियल्स और जेल सिस्टम्स पर व्याख्यान दिया और उनके विविध औद्योगिक उपयोगों पर प्रकाश डाला। डॉ. स्रीमंता पाखिरा, एसोसिएट प्रोफेसर, आईआईटी इंदौर, ने क्वांटम अनुप्रयोगों के लिए डिज़ाइन किए गए मैटेरियल्स के बारे में बताया और आधुनिक तकनीकी विकास में उनकी भूमिका पर चर्चा की।

**आयोजन**

नोबेल पुरस्कार से संबंधित विशेष सत्र में डॉ. राकेश श्रीवास्तव, डॉ. दीपंकर सूत्रधार, और डॉ. पूजा वर्मा ने अपने शोध कार्यों को साझा किया। डॉ. सूत्रधार ने मैटेरियल्स की इलेक्ट्रॉनिक संरचना और गुणधर्मों पर जानकारी दी, जबकि डॉ. श्रीवास्तव ने कम्प्यूटेशनल साइंसेज़ में मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क्स की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. वर्मा ने QM/MM (क्वांटम मेकेनिक्स/मॉलिक्यूलर मेकेनिक्स) विधि के बारे में बताया, जिसे 2013 में रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार मिला था, और इसके द्वारा जटिल आणविक प्रक्रियाओं को समझने की महत्ता को समझाया।



इस कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. हेमंत कुमार नाशिने, डीन, स्कूल ऑफ एडवांस्ड साइंसेज़ एंड लैंग्वेजेस, और डॉ. महेन्द्रन बोटलागुंटा, असिस्टेंट डीन (रिसर्च), वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन भाषणों में उन्होंने वैश्विक वैज्ञानिक चुनौतियों का समाधान खोजने हेतु सहयोगात्मक और बहु-विषयक अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया।

संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य, पीएचडी शोधार्थी, स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र सक्रिय रूप से शामिल हुए। छात्रों को विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने, अपने शोध विचार साझा करने और अनुसंधान और विकास में भविष्य की संभावनाओं पर मार्गदर्शन प्राप्त करने का अनूठा अवसर मिला।

इस कार्यक्रम का सफल समन्वय डॉ. सुब्रत नाथ और डॉ. विपिन कुमार मिश्रा द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह संगोष्ठी वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता और अनुसंधान-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## पतझड़, सावन, वसंत, बहार... एक बरस के मौसम चार...



गर्मी के साथ ही पतझड़ का मौसम भी शुरु हो गया है। पत्तों के गिरने के बाद भी पेड़ों पर पक्षियों का आना कम नहीं हुआ है।

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट बोले लोगों को न भुगतना पड़े जलसंकट

# पानी की किल्लत से निपटने जिला स्तर पर बने ठोस कार्ययोजना



**संवाददाता ● इंदौर**

**मीटिंग**

जिला पंचायत इंदौर की साधारण सभा की बैठक में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संभावित जल संकट को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को ठोस कार्ययोजना तैयार करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी ग्रीष्म ऋतु में किसी भी गांव को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय, महू विधायक उषा ठाकुर, देपालपुर विधायक मनोज पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भरत पटेल, समस्त जिला पंचायत सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय तिवारी सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुए निर्दोष नागरिकों की हत्या पर दो मिनट के मौन के साथ हुई। इसके बाद मंत्री श्री सिलावट ने सभी जनप्रतिनिधियों को पंचायत राज दिवस पर ग्रामीण विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

### जल गंगा संवर्धन अभियान पर विशेष जोर

बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। मंत्री सिलावट ने सभी जनप्रतिनिधियों से अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के सभी पुराने कुएँ, बावड़ियां, नदियां और स्टॉप डेम्स की सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य शीघ्र आरंभ किया जाए। प्रत्येक पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधि इन कार्यों की निगरानी करें और जनता को भी इस अभियान से जोड़ा जाए। जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाया जाए।

### सुचारू जल आपूर्ति पर रहेगा विशेष ध्यान

मंत्री सिलावट ने कहा कि जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक शीघ्र ही बुलाई जाएगी, जिसमें सभी जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रहेगी। इस बैठक का उद्देश्य गांव-गांव तक जल आपूर्ति को सुनिश्चित करना तथा संभावित संकट क्षेत्रों की पहचान कर त्वरित समाधान प्रस्तुत करना होगा। बैठक में लोक निर्माण, शिक्षा तथा उद्यानिकी विभागों की प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा आवश्यक निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए। बैठक का संचालन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन द्वारा किया गया, जिन्होंने अंत में सभी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का आभार प्रकट किया।

## स्कूली छात्रों के लिए शुरू किया जाएगा योगाभ्यास का सत्र

**संवाददाता ● इंदौर**

योग के प्रति बचपन से ही जागरूकता लाने के लिए अब स्कूलों में 10 मिनट योग का सत्र शुरू होगा। यह सत्र शुरुआत में प्रार्थना के तुरंत बाद लगेगी। बताया जाता है कि मध्य प्रदेश योग आयोग ने इस सत्र की रूपरेखा तैयार की है। इसमें प्रत्येक छात्र को आसन, प्राणायाम और ध्यान कार्यक्रम में शामिल होना होगा। प्रोटोकाल जिला योग प्रभारियों को स्कूलों में प्रार्थना सत्र के दौरान अम्यास कराने के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। जिलों में गठित योग समितियों द्वारा संचालित निशुल्क योग कक्षा के लिए एक घंटे का योगा अजयास प्रोटोकाल तैयार कर संबंधित एजेंसी को तैयार कराया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार वैसे तो संस्था को पूरे वर्ष योग गतिविधियों का वार्षिक योग पंचांग अब जारी किया जाएगा। 21 जून को प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।शिक्षा विभाग अब योग के प्रति जागरुकता और प्रचार प्रसार का कार्य शुरु कर रहा है। इसके लिए मध्यप्रदेश में योग आयोग का गठन भी किया गया है। प्रदेश के 52 जिलों में और 313 विकासखंडों में विकासखंड योग समितियों का गठन पूर्ण किया जा चुका है। जिलों में चार हजार ग्रामों में 365 वार्डों में योग समितियों का गठन हो चुका है। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अनुसार मुख्यमंत्री भी जिला योग प्रशिक्षण केंद्रों के सुव्यवस्थित संचालन के लिए उपयुक्त भवन और भूमि उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर्स को पत्र भी लिख चुके हैं। इंदौर के स्कूलों में अगले सत्र से योग की कक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी। इसके साथ ही मध्यप्रदेश योग आयोग ने एक पोर्टल भी तैयार किया है जिस पर जिला योग प्रभारियों की पूरी जानकारी भी लोगों को मिल सकेगी।

## शॉट न्यूज

### लोडिंग ने मारी बाइक को टक्कर एक की मौत

**इंदौर।** मानपुर इलाके में भेरूघाट पुलिया के समीप तेज रफ्तार लोडिंग की टक्कर से बाइक सवार नाबलिक की मौत हो गई। इस हादसे में बाइक चला रहा युवक व एक अन्य नाबालिक भी घायल हो गए।जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। मानपुर पुलिस के मुताबिक घटना भेरूघाट पुलिया की हैं।जहां तेज रफ्तार लोडिंग एमपी09 डीएस 9517 के चालक ने अपने वाहन को तेजगति व लापरवाही पुर्वक चलाते हुए एक मोटर साइकल मे पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक चला रहा मनीष पिता प्रेमनारायण यादव (19) निवासी पीली मिट्ठी महेश्वर व पीछे बैठे लल्ला (12) और मयंक (16) सड़क पर जा गिरे।टक्कर लगने से तीनों लहूलुहान हो गए उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने मयंक को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल मनीष व नाबालिक लल्ला का उपचार जारी हैं।

### कंपनी के नाम से नकली सामान बेचते पकड़ाया

**इंदौर।** भंवरकुआं पुलिस ने पतंजलि सहित अन्य कंपनियों के नाम से नकली सामान बेचते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में घी नमक आदि सामान बरामद किया है। फरियादी राजा पिता लक्ष्मण ठाकुर 34 साल निवासी सांवरिया नगर ने टीआई राजकुमार यादव को लिखित शिकायत की थी कि तीन इमली बस स्टैंड चौराहा स्थित एक दुकान पर उसकी कंपनी के नाम से नकली सामान बेचा जा रहा है। शिकायत दर्ज कर टीआई यादों ने टीम गठित की। टीम ने दुकान पर छापा मार कर पतंजलि के 1 किलो घी के 60 पैकेट, टाटा कंपनी के नमक सहित अन्य सामान बरामद किया है। इस मामले में दुकान संचालक टिंकल पिता अभय जैन निवासी स्मृति नगर को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार तेजाजी नगर पुलिस ने शिकायत पर एक दुकान पर छापा मारकर प्रतिष्ठित कंपनी के नाम से डीजल ऑयल बेचते हुए राजेंद्र पिता ओमप्रकाश को हिरासत में लिया है।

रूस की आधिकारिक यात्रा से लौटे महापौर

# इंदौर-मॉस्को सहयोग को मिला नया आयाम

**संवाददाता ● इंदौर**

इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने हाल ही में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस की राजधानी मॉस्को का सफल दौरा किया। जो शहरी नवाचार, डिजिटल गवर्नेंस, सतत विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में चिन्हित किया जा रहा है। यह यात्रा इंदौर-मॉस्को संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास साबित हुई है। इस यात्रा के दौरान महापौर भार्गव ने मॉस्को सरकार के विभिन्न विभागों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। बाहरी आर्थिक और अंतर्राष्ट्रीय संबंध विभाग, आवास और सांप्रदायिक सेवा विभाग, और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग जैसे अहम विभागों के प्रतिनिधियों के साथ व्यापक स्तर पर संवाद हुआ।



महत्वपूर्ण सहयोगियों की उपस्थितिः इस उच्चस्तरीय बैठक में मॉस्को सरकार की ओर से प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें सुश्री ओल्गा ज़िलिना, डारिया पुस्टोवालोवा, फेडर लोला, वडोवेंको एवगेनी, लोगिनोव जॉर्जी, बुजुक अलेक्जेंडर, बोगातिरेवा ओल्गा, और तिमोश्किन मक्सिम शामिल रहे। भारतीय पक्ष से भारतीय दूतावास, मॉस्को के चांसरी प्रमुख रजनीश पाटीदार और दुभाषिया पावेल अलेक्सेव भी उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिनिधिमंडल के संवाद को सशक्त बनाया।

### यात्रा के प्रमुख आकर्षण

मॉस्को स्मार्ट सिटी परियोजना का दौराः महापौर भार्गव ने मॉस्को की उन्नत डिजिटल नागरिक सेवाओं, ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम और रियल टाइम डेटा कमांड सेंटर्स का अवलोकन किया। शहरी नवाचार केंद्र में भागीदारीः जहां इंदौर के नागरिक सेवाओं में हो रहे डिजिटल परिवर्तन की सराहना की गई और मॉस्को की सर्वोत्तम तकनीकों को साझा किया गया। संयुक्त परियोजनाओं की संभावनाओं पर चर्चाः जिसमें तकनीकी साझेदारी, संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम और स्मार्ट गवर्नेंस प्लेटफॉर्म विकसित करने के प्रस्ताव शामिल थे। सांस्कृतिक आदान-प्रदान की पहलः मॉस्को और इंदौर के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रमों, छात्र आदान-प्रदान और पर्यटन सहयोग को बढ़ावा देने के विषय पर भी सकारात्मक चर्चा हुई।

बाणगंगा थाना क्षेत्र में सामने आई वारदात

# पानी देने से मना करने पर टैंकर-कार फोड़ी

**संवाददाता ● इंदौर**

बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक पानी के टैंकर और कार में तोड़फोड़ हो गई। आरोपी ने पानी भरने का बोल। इस पर टैंकर चालक ने थोड़ी देरी में पानी डालने का बोला तो आरोपी ने पथराव कर दिया। अनुज पिता रमेश यादव (19) निवासी ग्राम रेवती रेंज की शिकायत पर महेन्द्र पिता रामसिह चौहान, नवीन प्रधान पिता अशोक, देवेन्द्र उर्फ नानकू प्रधान पिता अशोक के खिलाफ केस दर्ज किया है। अनुज ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसे अपने घर के सामने मिला। उसे बोला कि मेरे को भी पानी भरना है। उसे बोला कि अभी मेरे टैंकर में पानी नही है। भरने जा रहा हूं वापस आकर पानी डाल दूंगा। इसी बात को लेकर आरोपी ने आरोपियों ने विवाद करना शुरू कर दिया। उसे बोला कि ज्यादा तेज चल रहा और ट्रैक्टर पर पत्थर मारकर नुकसान कर दिया। राकेश सोलंकी को फोन लगाकर बुलाया तो उनकी कार से वहां पर पहुंचे। इस पर आरोपी ने कार का कांच पत्थर मारकर फोड़ दिया। इसके अलावा आरोपी ने गली में भी पत्थर फेंके।

**पानी भरने की विवाद में मारपीट–** इसी तरह कलाली मोहल्ला में भी पानी को लेकर मारपीट हो गई। अनिल पिता सुरेश सोनकर (33) निवासी कलाली मोहल्ला छावनी की शिकायत पर बंटी सेलार के खिलाफ केस दर्ज किया। अनिल ने पुलिस को बताया कि फरियादी को घर के सामने पानी भरने की बात को लेकर आरोपी से विवाद हो गया था। इस पर आरोपियों ने उसके साथ में डंडे से मारपीट कर दी।

## अब नहीं रुकेंगे ऑपरेशन

# चार इंच लाइन से एमटीएच अस्पताल में जलसंकट खत्म

**संवाददाता ● इंदौर**



एमजीएम मेडिकल कॉलेज से संबंद्ध शासकीय एमटीएच अस्पताल में पानी की समस्या का समाधान हो गया है। डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया के निरीक्षण में एसिसटेन्ट सुपरिंटेंडेंट डा निलेश दलाल ने पानी की समस्या बताई, जिसे डीन डॉ. घनघोरिया ने नगर निगम के सहायक यंत्री प्रवीण शर्मा से चर्चा कर दूर करवाया है। अब इस अस्पताल में पानी की कोई कमी नहीं रहेगी। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ अरविंद घनघोरिया ने बताया कि अस्पताल को 4 इंच का ब्लक कनेक्शन देने का फैसला हो गया है जिससे हर दिन एक लाख लीटर से ज्यादा पानी आसानी के साथ मिल जाएगा। हमारे द्वारा नगर निगम से पानी का बल्क कनेक्शन देने का आग्रह किया गया था इस कार्य के लिए नगर निगम द्वारा आठ लाख 75 हजार की राशि जमा करने के लिए कहा गया। यह राशि जमा भी कर दी गई है। राशि जमा होने के बाद अब नगर निगम के कर्मचारी पानी की व्यवस्था कर रहे हैं अब अस्पताल में पानी किल्लत नहीं होगी।

कई नए कोर्स जुड़ने से छात्र भी असमंजस की स्थिति में, इस वर्ष 85 कोर्सों में रहेंगी करीब 3 हजार सीटें

# डीएवीवी : नॉन सीयूईटी में एडमिशन अभी शुरू नहीं

**संवाददाता ● इंदौर**




देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के नॉन सीयूईटी कोर्सेस की एडमिशन प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है। एडमिशन प्रक्रिया कब शुरू होगी इसके बारे में फिलहाल कोई भी कुछ बताने की स्थिति में नहीं है। इससे छात्रों को समझ नहीं आ रहा है कि आखिर प्रक्रिया कब आरंभ होगी। डीएवीवी इस बार नॉन सीयूईटी को लेकर बेफिक्र नजर आ रही है क्योंकि हर वर्ष जल्दी प्रक्रिया करने के बाद भी सीटें खाली रह जाती हैं। इस बार क्या बदल जाएगा। यह प्रश्न हर छात्र के मन में है। जानकारी अनुसार एमई, एमटेक, एमफार्मा 2 ईयर के सभी कोर्स नॉन सीयूईटी में जुड़ गए हैं। ये कोर्स पहले सीयूईटी का हिस्सा रहे, जबकि दूसरी तरफ जर्नलिज्म के दोनों कोर्स भी अब नॉन सीयूईटी में आ गए हैं। एमए सहित सोशल साइंस के सभी कोर्स अब नॉन सीयईटी के बजाय सीयूईटी का हिस्सा हो गए हैं।डीएवीवी के 25 टीचिंग विभागों में एडमिशन के लिए होने वाली नॉन सीयूईटी में इस बार 85 कोर्स की 3 हजार सीटें रहेंगी। एडमिशन हर वर्ष की तरह मेरिट के आधार पर होंगे। इस बार भी डीएवीवी की चिंता वही है कि कहीं बड़ी संख्या में सीटें खाली न रह जाएं। चूंकि चार साल से नॉन सीयूईटी यूजी पीजी में 50 फीसदी सीटें भी नहीं भर पा रही हैं, इसलिए इस बार प्रक्रिया सबसे पहले शुरू की जाएगी। औसत 48% ही एडमिशन हो रहे हैं।

### पिछले वर्ष खाली थीं 1500 के करीब सीटें

नॉन सीयूईटी में पिछली बार सीयूईटी में 74 कोर्स थे। इसमें 2900 से ज्यादा सीटें थीं, लेकिन उनमें से 1500 से ज्यादा खाली रह गई थीं। इस बार कोर्स बढ़कर 85 हो गए हैं। विभागों में सिंधु पीठ, कौशल विकास केंद्र के साथ ही स्कूल ऑफ कॉमर्स, इकोनॉमिक्स, केमिकल साइंस या स्कूल ऑफ फार्मेसी, स्कूल ऑफ फिजिक्स, स्कूल ऑफ केमेस्ट्री, मैथ्स, सोशल साइंस, स्कूल ऑफ एजुकेशन, स्कूल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स सहित अन्य शामिल हैं।

# टी-शर्ट्स के लिए फैशन के क्या नियम हैं?

पहलगाम की घटना वाले दिन मैं किसी के साथ मुंबई के कोलाबा में खरीदारी कर रहा था। यह स्थान नौसेना और सेना के बेस से 1 किमी की दूरी पर है। जब मुझे इस भयावह घटना के बारे में पता चला, तो मैंने अपने एक मित्र को मिलने बुलाया। उन्होंने कहा, नीचे आओ, मैं क्लब में हूं। इस बातचीत के दो मिनट बाद उन्होंने मुझे फिर से कॉल किया और पूछा मैंने क्या पहना है। मैंने कहा, टी शर्ट। उन्होंने पूछा, कॉलर के साथ या उसके बिना? मैंने जवाब दिया, कॉलर वाली टी-शर्ट और उसे भी ट्राउजर पर पहना है, जींस पर नहीं! मुस्कराते हुए उन्होंने पूछा, जूते वगैरा? मैंने जोर से हंसते हुए कहा, मेरे दोस्त, मेरे जूते इतने चमचमा रहे हैं कि तुम उनमें देखकर अपने बालों को कंघी कर सकते हो, इसलिए चिंता मत करो। वे और जोर से हंसे और बोले, डियर, आर्मी क्लब में कुछ ड्रेस कोड होते हैं, और मुझे पता है कि तुम सभी नियम जानते हो, फिर भी मैं बस यह सुनिश्चित कर रहा था, ताकि हमसे कोई सवाल न पूछे।

वो तमाम लोग- जो हास्य या राजनीतिक बयान या जो कुछ भी वे महसूस करते हैं, उसे व्यक्त करने के लिए ऐसी टी-शर्ट पहनकर बड़े हुए हैं, जिन पर कुछ लिखा होता है, उन्हें मैं बता दूं कि नए फैशन नियम अब उनकी इजाजत नहीं देते। पिछले रविवार को मेरी एक निजी मेंटरशिप क्लास में एक महिला बिना कॉलर वाली टी-शर्ट पहनकर आई, जिस पर लिखा था- अगर आपको मेरी टी-शर्ट आपत्तिजनक लगती है तो मत देखिए। वैसे भी मुझे परवाह नहीं है। जहां उसे यह कूल लग रहा था, वहीं उस कमरे में मौजूद अधिकांश लोगों को यह दो कारणों से आपत्तिजनक लगा। एक, जरूरत से ज्यादा उपयोग या खराब धुलाई के चलते उस सफेद टी-शर्ट का रंग हल्का पीला पड़ गया था, और दो- उसे देखने वालों को ऐसा महसूस होता था कि वो बिस्तर से उठकर सीधे मेंटरशिप रूम में चली आई है।

यह सबकी अपनी आजादी है कि वह कैसी स्टाइल अपनाना चाहता है, लेकिन स्लोगन वाली टी-शर्ट जोखिम भरी हो सकती हैं। कई पर्सनल स्टाइलिस्ट वयस्क पुरुषों को

**अगर आप वाकई अपनी टी-शर्ट पर कुछ लिखना चाहते हैं, तो क्लासिक स्क्रिप्ट फॉन्ट्स वाली चुनें। लिखी हुई टी-शर्ट हल्के-फुल्के माहौल में ही पहनी जानी चाहिए। औपचारिक रात्रिभोज के लिए ऐसी टी-शर्ट न पहनें। अगर बाहर का मौसम अनुकूल नहीं है- जैसा अभी है- तो आधी आस्तीन की स्मार्ट कैजुअल कमीज पहनें। मेरा मानना है सफेद शर्ट का कोई तोड़ नहीं है। मैंने जोहान्सबर्ग, पेरिस और न्यूयॉर्क में ओपेरा शो में भाग लिया है और उनमें से प्रत्येक का अपना ड्रेस-शिष्टाचार है। वहां अधिकांश लोग काले रंग की टाई और चेल्सी बूट्स के साथ शानदार काले सूट में आते हैं।**

शब्दों वाली ग्राफिक टी-शर्ट चुनते समय टी-सोफिस्टिकेशन का ध्यान रखने की सलाह देते हैं। वे कहते हैं ग्राफिक्स ऐसे होने चाहिए, जिन्हें फ्रेम करके संग्रहालय में लटकाया जा सके। लक्ष्य यह होना चाहिए कि अधिकतम तीन रंगों के साथ कोई साफ-सुथरा दृश्य प्रस्तुत किया जाए। लेकिन वे बड़ी लिखावट से बचने की सलाह देते हैं।

अगर आप वाकई अपनी टी-शर्ट पर कुछ लिखना चाहते हैं, तो क्लासिक स्क्रिप्ट फॉन्ट्स वाली चुनें। लिखी हुई टी-शर्ट हल्के-फुल्के माहौल में ही पहनी जानी चाहिए। औपचारिक रात्रिभोज के लिए ऐसी टी-शर्ट न पहनें। अगर बाहर का मौसम अनुकूल नहीं है- जैसा अभी है- तो आधी आस्तीन की स्मार्ट कैजुअल कमीज पहनें। मेरा मानना है सफेद शर्ट का कोई तोड़ नहीं है। मैंने जोहान्सबर्ग, पेरिस और न्यूयॉर्क में ओपेरा शो में भाग लिया है और उनमें से प्रत्येक का अपना ड्रेस-शिष्टाचार है। वहां अधिकांश लोग काले रंग की टाई और चेल्सी बूट्स के साथ शानदार काले सूट में आते हैं। पिछले 45 वर्षों से जब से मैंने ऐसे थिएटरों में जाना शुरू किया है, यह सबसे उम्दा सूट रहा है।

दिलचस्प बात यह है कि आज ऐसे पेशेवर भी हैं, जो आपको सलाह देते हैं कि आपसे किसी विशेष स्थान पर कैसी महक आनी चाहिए। थोड़ी स्पाइसी और हल्की चुलबुली खुशबू किसी भी सेटिंग में काम करती है। लेकिन हाल ही में मैंने देखा है कि बॉलीवुड जैसी हाई सोसाइटी पार्टियों में लोग ऐसे परफ्यूम का इस्तेमाल करते हैं, जो तंबाकू और राख की गंध जैसे लगते हैं। ताजी पकी हुई रोटी, पहाड़ी हवा, पहली बारिश और सिगरेट की महक जैसे भी, भले उनका उपयोगकर्ता खुद धूम्रपान नहीं करता हो। फंडा यह है कि जहां कपड़ों का स्टाइल बहुत ही व्यक्तिगत चयन होता है, जो आम तौर पर पहनने वाले के कम्फर्ट के अनुरूप होता है, वहीं हमें नहीं भूलना चाहिए कि लोगों के अपने ड्रेस कोड हो सकते हैं- चाहे वह क्लब हो या कुछ और। जो भी हो, इतना जरूर याद रखें कि हम कपड़े दूसरों की नजरों के लिए पहनते हैं और भोजन अपने स्वाद के लिए करते हैं।

जिसे उन्होंने खुद सबसे अधिक ईमानदारी से कायम रखा और अपने मंत्रालय में प्रचार करना जारी रखा।ईश्वर हम सभी के साथ रहें और वह हमारे हर प्रयास और प्रयासों को आशीर्वाद दें ताकि हम सभी चीजों में उनकी महिमा करते रहें। इसके बजाय, ईसाइयों के रूप में, यह हमेशा महत्वपूर्ण है कि हम विनम्र रहें और दूसरों की बात सुनने के लिए तैयार रहें, खासकर भगवान की बात सुनने में। एंटिओक के सेंट इग्नाटियस प्रेरितों के शुरूआती उत्तराधिकारियों में से एक थे और प्रेरितों के महान मिशनरी कार्यों के समय में ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए थे, जो चर्च की स्थापना कर रहे थे और दुनिया भर में कई लोगों को खुशखबरी फैला रहे थे। चर्च के इतिहास और परंपरा के अनुसार एंटिओक के सेंट इग्नाटियस सेंट जॉन द एपोस्टल के शिष्य थे, और इसलिए प्रेरितों के बारे में सीधे जानते थे और उनसे सच्चाई प्राप्त की, जिसे उन्होंने खुद सबसे अधिक ईमानदारी से कायम रखा और अपने मंत्रालय में प्रचार

# पहलगाम में जो हुआ, उसके पैटर्न को समझना जरूरी है

कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला उन तमाम पैटर्न का अनुसरण करता है, जो अतीत में भी देखे गए हैं और हमें इसका पूवार्नुमान लगा लेना चाहिए था। सवाल ये है कि ये पैटर्न क्या हैं? और हम इन हमलों को कैसे रोक सकते थे? सबसे पहले हमें यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि कश्मीर में उग्रवाद अब पहले की तरह नहीं बचा है। हालांकि किसी भी तरह के उग्रवाद के अंतिम दौर में कई महत्वपूर्ण बड़े हमले देखने को मिलते हैं। उदाहरण के लिए, पंजाब के सीएम बेअंत सिंह की हत्या पंजाब में उग्रवाद के लगभग खत्म हो जाने के बाद की गई थी। पहलगाम हमला भी इसी पैटर्न की पुष्टि करता है। दूसरा संकेत यह था कि पाकिस्तान की ओर से हाल के दिनों में यह दोहराया जा रहा था कि टूरिज्म कश्मीर के ह्वभारतीय-उपनिवेशीकरणह्ल का एक साधन है। उमर अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस के श्रीनगर के सांसद रूहुल्लाह मेहदी ने भी कुछ महीने पहले यही बात दोहराई थी। इसके परिणामस्वरूप खुफिया एजेंसियों को अंदेशा था कि कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा टूरिज्म के बुनियादी ढांचे को जरूर निशाना बनाया जाएगा। सनद रहे कि कश्मीर में होटलों की कीमतें दिल्ली या मुंबई की होटलों की तुलना में 400-500% अधिक हैं- जिससे भारी मात्रा में धन प्राप्त होता है।

**एडिट.नोट**

पहले कश्मीर की लगभग 55% आबादी वहां चल रहे कॉनफ्लिक्ट पर निर्भर थी- या तो वह पाकिस्तानी धन से वित्तपोषित होती थी, या भारतीय सरकार के अनुदान से या किसी तरह सुरक्षा बलों को आपूर्ति पर निर्भर रहती थी। आज यह प्रतिशत नगण्य है, जिसका श्रेय मुख्य रूप से पर्यटन को जाता है। यदि पाकिस्तान वहां पर उग्रवाद को फिर से शुरू करना चाहता है तो उसके लिए पर्यटन को नष्ट करना महत्वपूर्ण था। लेकिन इसके लिए एक हमला पर्याप्त नहीं होगा- उसे इसके लिए निरंतर अभियान चलाना होगा। लेकिन 2025 में भारतीय सुरक्षा प्रतिक्रियाएं 2019 से पहले की तुलना में कहीं बेहतर हो चुकी हैं। तीसरा तथ्य यह है कि जब भी कोई अमेरिकी नेता भारत आता है तो कश्मीर मुद्दे के अंतरराष्ट्रीयकरण के लिए भारत में किसी तरह की अशांति फैलाई जाती है। जब बिल क्लिंटन 2000 में आए थे, तब चट्टीसिंगपोरा नरसंहार हुआ था। जॉर्ज बुश की 2006 की यात्रा के एक महीने के भीतर कुलहंड और उधमपुर नरसंहार हुआ था। दिल्ली दंगों का समय ट्रम्प की 2020 की यात्रा के ठीक साथ मेल खाने के लिए तय किया गया था। ऐसे में यह स्पष्ट था कि जब उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत आएंगे तो कुछ ना कुछ होगा। तीनों पहलुओं से यह तो साफ होता है कि हमला होने वाला था। फिर भारतीय खुफिया तंत्र को इसका सुराग क्यों नहीं लगा? क्या यह खुफिया नाकामी थी? समस्या यह है कि हमले के बाद खुफिया जानकारी के स्पष्ट संकेत देखना बहुत आसान है, लेकिन ऐसा पहले करना लगभग असंभव है।

वास्तव में हमले की 500 से 600 कोशिशों में से कम से कम एक सफल हो पाती है। बड़ा सवाल यह है कि क्या हमले से पहले खुफिया एजेंसियों के पास आतंकवादियों के सटीक टारगेट यानी पहलगाम और पर्यटकों के सुराग उपलब्ध थे? दो और महत्वपूर्ण प्रश्न उठते हैं। दिवालियेपन और आंतरिक संघर्षों से जूझ रहा पाकिस्तान भारत से तनाव क्यों बढ़ाना चाहता है और उसको इससे क्या लाभ होगा? वास्तव में, पाकिस्तान घरेलू मोर्चे पर इतनी बुरी स्थिति में है कि उसे भारत पर दोष मढ़ने और अपने लोगों को इस्लाम के नाम पर एकजुट करने के लिए एक बहाने की दरकार है। अतीत में पाकिस्तान को इससे लाभ ही हुआ है। यह बात पाकिस्तान के लोगों को बाद में पता चली कि उनकी फौज बिना युद्ध लड़े भी कश्मीर मुद्दे को दुनिया के सामने ला सकती है। भारत से तो उनकी फौज तीन युद्ध हार चुकी है। वास्तव में, अगर भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत की प्रक्रिया चलती है तो पाकिस्तानी फौज भरसक कोशिश करती है कि उसे नाकाम कर दिया जाए। ऐसा इसलिए है क्योंकि पाकिस्तान का वजूद संघर्ष जारी रहने पर निर्भर करता है, इसे किसी भी सार्थक तरीके से हल करने पर नहीं।एक समय पाकिस्तान में हर संप्रदाय- हनफी, सलाफी, देवबंदी, बरेलवी आदि के अपने और स्वतंत्र आतंकवादी संगठन थे।

डेरेक ओ ब्रायन - लेखक

# वे एक सुधारवादी, समावेशी, दयालु, फुटबॉल-प्रेमी पोप थे

मैं कैथोलिक हूं और हर रविवार चर्च जाता हूं। मैं अपने जीवनकाल में छह पोप की मृत्यु देख चुका हूं। मुझे 1963 में पोप जॉन तेईसवें की मृत्यु की याद नहीं है- क्योंकि तब मैं दो साल का था- लेकिन बाकी सभी का अवसान स्पष्ट याद है। वे प्रार्थना, शोक और स्मरण के समय थे- और समुदाय की साझा भावना के भी। लेकिन पोप फ्रांसिस का अवसान उनके समान होने के बावजूद अलग है। यह व्यक्तिगत क्षति है। वे केवल पोप नहीं थे; वे मेरी पसंद के पोप थे- सुधारवादी, समावेशी, दयालु, फुटबॉल-प्रेमी पोप। वे ग्लोबल साउथ से आए पोप भी थे, जो सामान्य-बोध की बातें करते थे। ये ऐसे गुण थे, जिन्होंने मुझे- और हमें- उनके साथ खुद को जोड़कर देखने के लिए प्रेरित किया। वे पहले जेसुइट पोप भी थे, और मैं यहां उल्लेख करना चाहूंगा कि मैंने एक जेसुइट स्कूल में पढ़ाई की थी। नहीं, यह कोई शोकलेख नहीं है। यह पोप फ्रांसिस द्वारा दुनिया को दिए महत्वपूर्ण योगदान या कैथोलिक चर्च में उनके द्वारा खोली गई खिड़कियों का विश्लेषण भी नहीं है। यह इस बारे में नहीं है कि उन्होंने कैसे ह्वदया के साथ नेतृत्व कियाह्ल या सामाजिक सुधारों की वकालत की।

यह महिलाओं और एलजीबीटीक्यू समुदाय के प्रति उनके प्रगतिशील दृष्टिकोण के बारे में नहीं है। यह इस बारे में है कि वेटिकन सिटी के सबसे प्रसिद्ध निवासी मेरे लिए क्या मायने रखते थे- मैं जो भारतीय हूं और कोलकाता में जन्मा, पला-बढ़ा हूं। ब्यूनस आयर्स के पूर्व आर्चबिशप पोप फ्रांसिस जेसुइट ऑर्डर से संबंधित थे। यह दुनिया भर में 15,000 सदस्यों की एक सभा है, जो भारत में कुछ सबसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों का संचालन करती है। यह पूरे देश में 220 से अधिक हाई स्कूल और 52 कॉलेजों का नेतृत्व करती है।

जेसुइट्स से अनगिनत लीडर्स उभरे हैं। जब भारत का संविधान बनाया जा रहा था, तब फादर जेरोम डिसूजा 1946 से 1950 तक संविधान सभा के सदस्य थे। वे शोषितों, अल्पसंख्यकों और आर्थिक रूप से वंचितों के लिए बोलते थे। भारत की यात्रा करने वाले अंतिम पोप जॉन पॉल द्वितीय थे, जो 1999 में नई दिल्ली पहुंचे थे। उन्होंने फरवरी 1986 में कोलकाता का भी दौरा किया था। तब मेरी उम्र 25 वर्ष थी। पोप का स्वागत कार्डिनल लॉरेंस पिकाची ने हवाई अड्डे पर किया। मुझे धक्का-मुक्की का वह दृश्य याद है, जब मैं उन्हें फुटपाथ से निहारने की कोशिश कर रहा था। वे सफेद वस्त्र पहने हुए थे और कांच से ढके पोपमोबाइल में अलौकिक लग रहे थे। उनकी पहली आधिकारिक यात्रा मदर टेरेसा के संस्थान ह्वनिर्मल हृदयह्ल में थी। मदर उनके पास दौड़ी चली आईं और उनका अभिवादन किया। उनका हाथ पकड़कर वे उन्हें दक्षिण कोलकाता में कालीघाट मंदिर के बगल में स्थित रुग्णालय में ले गईं। वहां प्रवेश करते समय उन्होंने एक ब्लैकबोर्ड देखा, जिस पर चाक से लिखा था- ह्ववी डु दिस फॉर जीसस।ह्ल उन्होंने पार्क स्ट्रीट पर स्थित आर्चबिशप हाउस में रात बिताई और भोजन कक्ष में नाश्ता किया। आज भी जब हम उस कमरे में नाश्ता करते हैं, तो हम उस पल का आनंद लेते हैं और कहते हैं : ह्वयही वह जगह है जहां पोप ने नाश्ता किया था!ह्ल

अगली शाम, शिलांग की यात्रा के बाद पोप जॉन पॉल ने ब्रिगेड परेड ग्राउंड पर सामूहिक प्रार्थना की। पोप का उपदेश आशा के स्वर के साथ समाप्त हुआ : ह्वजिनकी कोई आवाज नहीं है, उन्हें बोलने दें। भारत को बोलने दें। मदर टेरेसा और दुनिया के गरीबों को बोलने दें। उनकी आवाज क्राइस्ट की आवाज है। आमीन! ठीक 30 साल बाद, 2016 में, पोप फ्रांसिस ने वेटिकन सिटी के सेंट पीटर स्क्वायर में समारोह का नेतृत्व किया, जहां मदर टेरेसा को संत घोषित किया गया- कोलकाता की सेंट टेरेसा। मुझे यूरोप में सितंबर की उस सुबह का हर पल याद है। मुंबई के कार्डिनल ओसवाल्ड ग्रेसियस- जिन्होंने 2013 से पोप के साथ मिलकर काम किया है- ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा- उन्होंने चर्च को प्राथमिकता देने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की... सभी आम लोगों (गैर-पादरियों) को भी चर्च के संचालन में भूमिका निभाने की अनुमति देने के लिए। हाल के दिनों में जो बात उन्हें सबसे प्रिय थी, वह थी महिलाओं को चर्च और समाज में उनका उचित स्थान देने का महत्व। आज भारत में चर्च के नेतृत्व, खास तौर पर बिशपों को पोप फ्रांसिस के स्पष्ट शब्दों से प्रेरणा लेनी चाहिए। वो कहते थे : चर्च- राजनीति की स्वायत्तता का सम्मान करते हुए- अपने मिशन को निजी क्षेत्र तक सीमित नहीं रखता है। उनके पार्थिव शरीर को कल दफनाया जाएगा। उनके शब्दों से भारत और दुनिया भर में चर्च को ताकत मिलनी चाहिए।

## बिजनेस

# पहलगाम अटैक के बाद पर्यटकों का पलायन शुरूः 24 घंटे में 90% होटल कमरे खाली



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद करीब 90% लोगों ने अपनी ट्रैवल बुकिंग कैंसिल कर दी है। पर्यटक जल्द से जल्द घाटी से बाहर निकलना चाहते हैं, इसलिए फ्लाइट पकड़ने के लिए श्रीनगर पहुंच रहे हैं। वहां के लोगों में रोजगार जाने का डर है। यहां की अर्थव्यवस्था टूरिज्म पर काफी निर्भर है इसलिए उसे नुकसान पहुंच सकता है।

बीते कुछ साल में सरकार की कोशिशों के बाद घाटी में शांति और अर्थव्यवस्था दोनों पटरी पर आते दिखी थी। अब पहलगाम अटैक में 26 लोगों के मारे जाने के बाद टूरिज्म और इससे जुड़े सेक्टर्स को बड़ा झटका लग सकता है। इस स्टोरी में हमले के बाद टूरिज्म की स्थिति और इससे ख&ड के इकोनॉमी पर होने वाले तत्काल और लॉन्ग-टर्म असर की बात...बुकिंग कैंसिलेशनः द हिंदू के एक आर्टिकल के मुताबिक हमले के बाद पहलगाम में 24 घंटे के भीतर लगभग 20,000 होटल रूम्स में से 90% से ज्यादा कमरे खाली हो गए। पहलगाम होटल्स एंड ओनर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट जावेद बुर्जा ने कहा- 'हमें अब कैंसिलेशन के लिए लगातार कॉल आ रहे हैं। हम इन्हें कुछ दिनों का इंतजार करने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन फिर भी लोग तुरंत कैंसिलेशन कराने पर जोर दे रहे हैं।'टूरिस्ट्स का पलायनः पहलगाम के अलावा गुलमर्ग और सोनमर्ग जैसे अन्य क्षेत्रों से भी पर्यटक घाटी से बाहर जाने के लिए उड़ानें पकड़ने के लिए श्रीनगर पहुंच रहे हैं। सरकारी एजेंसियां लोगों को यहां से निकलने में मदद कर रहीं हैं। एयरलाइन्स एडिशनल सर्विसेज ऑपरेट कर रही हैं। यह स्थानीय बिजनेस पर डायरेक्ट अटैक जैसा है।वित्तीय नुकसानः पर्यटन मंत्रालय ने एयरलाइनों, होटलों और टूर ऑपरेटरों से कैंसिलेशन फीस माफ करने के लिए बुधवार को एडवाइजरी जारी की। इससे पता चलता है कि टूरिज्म सेक्टर को बड़ा नुकसान होने वाला है। हालांकि, ट्रैवल और टूरिज्म एजेंसियों की ओर के चार्जेज माफ करने से पर्यटकों का वित्तीय नुकसान कम होगा।

पीक सीजन में टूरिज्म पर ब्रेकः 2024 में ख&ड में 65,000झ्र 67,000 विदेशी पर्यटक आए। 2023 में यह नंबर 37,000 था। पीक सीजन यानी अप्रैल से जुलाई के बीच इस हमले की वजह से टूरिस्ट के पहुंचने की इस स्पीड पर ब्रेक लगेगा।

इंडस्ट्री के लोगों का मानना है कि ऐसे हमलों से 2025 में पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आएगी।टूरिस्ट्स के कॉन्फिडेंस में कमीः अमेरिकी विदेश विभाग ने जम्मू-कश्मीर के लिए अपनी ह्लडू नॉट ट्रैवलह्व एडवाइजरी को दोहराया है। इसमें आतंकवादी हमलों के जोखिम का हवाला दिया गया है, खासकर पहलगाम जैसे क्षेत्रों में। अमेरिका के बाद अन्य देश भी इस तरह की ट्रैवल एडवाइजरी जारी कर सकते हैं। इससे टूरिस्ट्स के कॉन्फिडेंस में कमी आएगी।

**राज-काज**

### सेंसेक्स 589 अंक गिरकर 79,212 के स्तर पर बंद

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबार दिन आज यानी शुक्रवार, 25 अप्रैल को सेंसेक्स 589 अंक या 0.74% गिरकर 79,212 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 207 अंक या 0.86% की गिरावट रही, ये 24,039 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में गिरावट रही। अडाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक और जौमेटो के शेयर करीब 3.50% गिरकर बंद हुए। इंफोसिस और टेक महिंद्रा के शेयरों में मामूली तेजी रही। निफ्टी के 50 में से 41 शेयरों में गिरावट रही। ठरए का निफ्टी मीडिया इंडेक्स सबसे ज्यदा 3.24% गिरा। वहीं, मेटल, फार्मा, पीएसयू बैंक और रियल्टी इंडेक्स में 2% से ज्यादा की गिरावट रही। क्ळ इंडेक्स 0.72% चढ़ा।कल यानी 24 अप्रैल से पहले बाजार लगातार सात दिनों में 6269 अंक (8.50%) चढ़ा। इस तेजी के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली शुरू कर दी है।

# चौथी तिमाही में मारुति सुजुकी का मुनाफा 1% घटा:135 रुपए लाभांश देगी कंपनी

**मुंबई।** ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 42,431 करोड़ रुपए की कुल कमाई की है। यह पिछले साल के मुकाबले 7% ज्यादा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 39,655 करोड़ रुपए की कमाई की थी। कुल कमाई में से सैलरी, टैक्स, कच्चे माल की कीमत जैसे खर्चे निकाल दें तो कंपनी के पास 3,911 करोड़ रुपए शुद्ध मुनाफे (कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट) के रूप में बचे। यह 2024 के जनवरी-मार्च तिमाही से 1% कम है। पिछले साल कंपनी को 3,952 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था।

चौथी तिमाही में कंपनी को प्रोडक्ट और सर्विस बेचकर 40,920 करोड़ रुपए का राजस्व यानी रेवेन्यू हासिल हुआ। सालाना आधार पर यह 6.37% बढ़ा है। जनवरी-मार्च 2024 में कंपनी ने 38,471 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था।नतीजों के साथ मारुति सुजुकी ने अपने शेयरधारकों के लिए 135 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड यानी लाभांश देने का ऐलान किया है। कंपनियां अपने मुनाफे का कुछ हिस्सा शेयरहोल्डर्स को देती हैं, इसे लाभांश कहा जाता है। कंपनी की कमाई और मुनाफा मार्केट एनालिस्ट की उम्मीद से कम रहा है। ऐसे में शॉर्ट टर्म में शेयरों में गिरावट देखी जा सकती है। शॉर्ट टर्म (1-4 हफ्ते): प्रॉफिट में गिरावट और मार्जिन में कमी के कारण शेयर को 11,500-11,900 के आसपास डाउनवर्ड प्रेशर या कंसॉलिडेशन का सामना करना पड़ सकता है। 11,600 से नीचे आने पर शेयर 11,200 तक जा सकता है। वहीं अगर मैनेजमेंट की तरफ से कोई पॉजिटिव न्यूज आती है तो शेयर को ऊपर 11,940 पर रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है। इस लेवल को तोड़ने पर शेयर 12,000-12,400 का लेवल दिखा सकता है।

मीडियम टर्म (1-6 महीने): यदि मारुति सुजुकी वॉल्यूम ग्रोथ को बनाए रखती है, मार्जिन में सुधार करती है और ई-विटारा लॉन्च का लाभ उठाती है, तो शेयर विश्लेषकों के लक्ष्य 14,050-14,858 की ओर बढ़ सकता है। यानी, करेंट लेवल से 20-27% की तेजी देखने को मिल सकती है। रिस्क की बात करें तो लगातार हाई कॉस्ट, अपेक्षा से कम मांग (विशेष रूप से मिनी/कॉम्पैक्ट सेगमेंट में), या एडवर्स ग्लोबल ट्रेड पॉलिसीज (जैसे, टैरिफ) शामिल हैं।

# मैगी बनाने वाली कंपनी नेस्ले-इंडिया का मुनाफा 6.5% घटा चौथी तिमाही में रेवेन्यू 4.48% बढ़कर 5,503 करोड़ रहा

मुंबई। मैगी बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया लिमिटेड की चौथी तिमाही में कुल कमाई यानी टोटल इनकम 5,512 करोड़ रुपए रही। ये पिछले साल की तुलना में 4.11% ज्यादा है। कंपनी की इस कमाई में ऑपरेशन से रेवेन्यू 5,503 करोड़ रुपए रहा। वहीं जनवरी से मार्च तिमाही में कंपनी का टोटल खर्च 4,307 करोड़ रुपए और टोटल टैक्स 316 करोड़ रुपए रहा।

टोटल इनकम में से खर्च और टैक्स घटा दें, तो कंपनी को चौथी तिमाही में 873 करोड़ रुपए का कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट हुआ। ये पिछले साल की तुलना में 6.53% घटा है। यानी कंपनी की कमाई के साथ मुनाफा भी बढ़ा है। नेस्ले इंडिया ने गुरुवार (24 अप्रैल) को जनवरी-मार्च तिमाही (द4ऋ25, चौथी तिमाही) के नतीजे जारी किए हैं।

अगर आपके पास नेस्ले इंडिया के शेयर हैं, तो कंपनी के बोर्ड ने शेयरधारकों को प्रति शेयर 10 रुपए के फाइनल डिविडेंड (लाभांश) को भी मंजूरी दी है। कंपनियां अपने शेयरधारकों को मुनाफे का कुछ हिस्सा देती हैं, उसे डिविडेंड कहते हैं।

बाजार के जानकारों को उम्मीद थी कि वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में नेस्ले इंडिया का मुनाफा सालाना आधार पर करीब 5% बढ़ सकता है। इस हिसाब से देखा जाए तो कंपनी ने मार्केट विश्लेषकों की उम्मीद से बेहतर परफॉर्म नहीं किया है।रिजल्ट के बाद नेस्ले इंडिया का शेयर आज 0.26% की गिरावट के साथ 2,427 रुपए पर बंद हुआ। नेस्ले इंडिया के शेयर ने पिछले 5 दिन में 3% रिटर्न दिया है। वहीं 1 महीने में शेयर 8% और 6 महीने में 7% चढ़ा है। एक साल में कंपनी का शेयर करीब 3% गिरा है। केवल इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक की बात करें तो कंपनी का शेयर 12% बढ़ा है। कंपनी की मार्केट वैल्यू 2.35 लाख करोड़ रुपए है।नेस्ले इंडिया लिमिटेड, मल्टीनेशनल कंपनी नेस्ले की इंडियन सब्सिडियरी है। इसका हेडक्वार्टर हरियाणा के गुड़गांव में है।




नई दिल्ली के आरएमएल अस्पताल के एबीवीआईएमएस डॉक्टरों द्वारा जंतर-मंतर पर पहलगाम घटना के पीड़ितों के समर्थन में कैंडल मार्च निकाला गया।

### वर्ष में एक बार वरिष्ठ वैज्ञानिकों को बुलाएं, विज्ञान के छात्रों से करवाएं संवाद

# युवा कुंभ में करवाएं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं : सीएम

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युवा शक्ति को मार्गदर्शन देने के लिए प्रदेश के युवाओं का कुंभ कराया जाए। इसे ज्ञान महाकुंभ नाम दिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष में कम से कम एक बार महाविद्यालयों में बड़े वैज्ञानिकों को आमंत्रित किया जाए और विद्यार्थियों के साथ उनका जीवंत संवाद एवं समूह चर्चा आयोजित की जाए। इससे युवाओं के विज्ञान और तकनीक संबंधी ज्ञान में वृद्धि होगी। युवाओं में सामान्य ज्ञान बढ़ाने के लिए प्रदेश के हर संभाग में सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता कराएं।

**आयोजन**

इससे हमारे युवा देश-दुनिया में हो रहे नवाचारों और नई जानकारियों से अवगत होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी महाविद्यालयों की स्टेट लेवल पर ग्रेडिंग कराई जाए और तीन श्रेणियों में क्रमशः सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय, सर्वश्रेष्ठ प्राचार्य एवं सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में पुरस्कृत करने की परम्परा भी प्रारंभ करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों को भारतीय ज्ञान परम्पराओं पर आधारित रोजगारपरक शिक्षा दिए जाने पर जोर देते हुए कहा कि महाविद्यालयों में शोध केंद्र स्थापित कर शोध कार्यों को भी प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी ऐसे क्षेत्रों में, जहां नए महाविद्यालय खोलने की अत्यंत आवश्यकता है, विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों में, अधिकाधिक महाविद्यालय खोले जाएं।

इससे जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को निकट स्थान पर उच्च शिक्षा पाने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा के संदर्भ में वर्ष 2021-22 में हुए अखिल भारतीय सर्वेक्षण में मध्यप्रदेश का सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) अखिल भारतीय औसत से अधिक आया है। इस क्षेत्र में अखिल भारतीय सकल नामांकन अनुपात 28.4 प्रतिशत है, जबकि मध्यप्रदेश 28.9 प्रतिशत आया है। उन्होंने कहा कि यह हमारे प्रयासों का परिणाम है। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के 55 जिलों के 1282 गोद लिए गए गांवों में शिविर लगाकर विद्यार्थियों को जनजागरूकता गतिविधियों से जोड़ा गया है। प्रदेश में 384 शोध केंद्र संचालित हैं और जारी वित्त वर्ष में 100 नए शोध केंद्रों की स्थापना का लक्ष्य तय किया गया है। प्रदेश के 27 महाविद्यालयों को स्वशासी महाविद्यालय का दर्जा एवं 8 स्वशासी महाविद्यालयों को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा देने का प्रस्ताव है। साथ ही 23 जिला मुख्यालयों में नए विधि महाविद्यालयों की स्थापना का लक्ष्य भी तय किया गया है।



**अधिक से अधिक कॉलेजों में संचालित करें बीएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के अधिकाधिक महाविद्यालयों में बीएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम संचालित किए जाएं। इससे विद्यार्थियों की कृषि एवं कृषि आधारित प्र-संस्करण उद्योगों में रुचि बढ़ेगी। इस तरह का नवाचार करने के मामले में मध्यप्रदेश को मॉडल स्टेट बनाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए अब तक चयनित हुए सभी महाविद्यालयों में इसी सत्र से बीएससी (कृषि) पाठ्यक्रम की पढ़ाई प्रारंभ करें। प्रदेश के सभी 55 जिलों प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संचालित हैं, इनमें से 37 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालयों एवं 5 विश्वविद्यालयों में 7 प्रकार के रोजगार आधारित डिग्री एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों में करीब 1200 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

**दो शिफ्ट में कॉलेज लगाने के निर्देश, सेमेस्टर सिस्टम भी जारी रहे**

मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने विभागीय अधिकारियों को महाविद्यालयों में दो शिफ्ट में अध्यापन कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेमेस्टर सिस्टम भी आवश्यकतानुसार जारी रहे। इससे विद्यार्थियों को बिना किसी बाधा के शिक्षा पूरी करने में आसानी होगी। उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि हम विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थिति को उनके क्रेडिट स्कोर से जोड़ रहे हैं, इससे विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने पीएमश्री उत्कृष्टता महाविद्यालयों में अब तक की प्रगति और विकास की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी शासकीय विश्वविद्यालयों में प्राध्यापकों की भर्ती म।प्र। लोक सेवा आयोग के माध्यम से ही की जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के अंतर्गत सेमेस्टर के माध्यम से परीक्षाओं के आयोजन की तैयारी करें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की टास्क फोर्स/ शीर्ष समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। विश्व बैंक प्रोजेक्ट में महाविद्यालय में कंप्यूटर लैब और अन्य सभी जरुरी विकास कार्य कराए जाएं।

## शॉट न्यूज

### हाईकोर्ट ने आईजी किया तलब

**जबलपुर।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अग्रिम जमानत आवेदन निरस्त किए जाने के बावजूद जबलपुर जोन के पुलिस महानिरीक्षक ने, विवेचना पूरी नहीं होने तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने संबंधी पत्र लिखा था। हाई कोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि आईजी जबलपुर अग्रिम जमानत के अधिकार क्षेत्र पर अतिक्रमण कर रहे हैं, जिस पर सर्वोच्च न्यायालय पूर्व में विचार कर चुका है। एकलपीठ ने आईजी के इस कृत्य को अवमाननापूर्ण मानते हुए उन्हें व्यक्तिगत रूप से तलब किया है। कटनी के माधव नगर निवासी हरनीत सिंह लाम्बा की ओर से याचिका दायर कर कहा गया कि हरगढ़ में स्थित यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया लिमिटेड में वे 6 जून, 2018 को डायरेक्टर बनाए गए थे।

### कॉलेज की 3 लड़कियों से रेप, वीडियो दिखाकर किया ब्लैकमेल

भोपाल। मध्य प्रदेश के भोपाल से एक शर्मनाक घटना सामने आई है। यहां एक प्राइवेट कॉलेज की तीन लड़कियों के साथ रेप कर उन्हें ब्लैकमेल करने के आरोप में दो लड़कों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और रैकेट की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया गया है। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि इस घटना में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले का तीसरा आरोपी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जाए रहे हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों पर पॉक्सो के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा उनपर मध्य प्रदेश धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

### आतंकी हमले के विरोध में आधे दिन का बंद भोपाल

**भोपाल।** पहलगाम में आतंकवादी हमले के विरोध में देश भर में विरोध-प्रदर्शन के बीच मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में भी कल बाज़ार बंद करने का आह्वान किया गया है। भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने कल शनिवार को राजधानी भोपाल के बाजार बंद करने का आह्वान किया है। संगठन ने सभी व्यापारी संगठनों और व्यापारियों को 26 अप्रैल को अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बंद करने की अपील की है। इसी बीच विरोध के क्रम में कल रात मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में जिला भाजपा द्वारा मशाल जुलूस निकाला गया। इसके तहत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्थानीय न्यू मार्केट के नानके पेट्रोल पंप से रोशनपुरा चौराहे तक पैदल मार्च किया। शर्मा ने रोशनपुरा चौराहे पर पहुंचकर आतंकवादी घटना का विरोध जताया और दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## दहशतगर्दी की बीमारी को जड़ से खत्म करने का समय आ गया

### पहलगाम आतंकी हमला मानवता के खिलाफ- बहादुर अली

**संवाददाता ● राजनांदगांव**

प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी बहादुर अली ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ वहशियाना हरकत बताया है। उन्होंने पाकिस्तान पोषित इस आतंकी हमले को देश की एकता और अखंडता भंग करने का कुत्सित प्रयास बताया है। आईबी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर बहादुर अली ने मंगलवार दोपहर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या को जघन्य अपराध बताते हुए इस पर अफसोस व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अपने परिवार के साथ हिंदुस्तान के जन्नत कहे जाने वाले कश्मीर में जो यादगार पल बिताने का प्लान किया था उसे दहशतगर्दों ने दर्दनाक कर दिया । मिल जाए। इसके बाद वो फिर कभी दोबारा सिर उठाने की हिम्मत भी ना करें।



प्रसिद्ध उद्योगपति बहादुर अली का कहना है कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर राज्य के विकास की दिशा तय करने का जो प्रयास किया जा रहा है उससे पाकिस्तान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। इसी वजह से वो बौखलाकर लगातार कायराना हरकतें कर रहा है। उन्होंने कहा कि जम्म कश्मीर की आवाम कभी भी यह नहीं चाहेगी कि राज्य, उनके शहर और परिवार पर संकट आए। बहादुर अली का कहना है कि सीमा पार से प्रशिक्षित ऐसे आतंकियों के खिलाफ प्रधानमंत्री मोदी और भारत सरकार को ऐसी कड़ी जवाबी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि दहशतगर्दों और इन्हें पालने - पोसने वाले पाकिस्तान को हमेशा के लिए सबक उन्होंने कहा कि भारत ने अब तक उदारवादी और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बातचीत के जरिए मामले को सुलझाने का प्रयास किया और कई बार माफ भी किया लेकिन अब पानी सिर से ऊपर चला गया है । मुट्ठी भर आतंकवादी घाटी के पूरे माहौल को खराब कर रहे हैं। लगता है पाकिस्तान बालाकोट एयर स्ट्राइक का दर्द भूल गया इसलिए बालाकोट से भी ज्यादा खतरनाक जवाब देकर इस बीमारी को जड़ से मिटाने का अवसर आ गया है।

### पाकिस्तान के खिलाफ फतवा जारी


## काजी अली नदवी बोले - 'भारत की ओर से देखोगे तो...'

**भोपाल।** पहलगाम में बेकसूर पर्यटकों को मारने के मामले में भोपाल से ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड ने पाकिस्तान के खिलाफ फतवा जारी किया है। आतंकवाद के खिलाफ जारी इस तरह के पहले फतवे में कहा गया है कि पाकिस्तान में पनप रहे आतंकवादियों ने पूरी इंसानियत का कत्ल कर दिया है। अब भारत की सरकार पाकिस्तान को खत्म कर दे। ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड के मध्य प्रदेश के अध्यक्ष काजी सैयद अनस अली नदवी के साथ मीडिया से बातचीत की। नदवी ने कहा, 'जिस किसी को नाहक कत्ल किया। जमीन में फसाद फैलाया। उसने तमाम इंसानियत का कत्ल किया। पाकिस्तान के अंदर दहशतगर्द पनप रहे हैं। जो आतंकवाद का अड्डा पाकिस्तान बना हुआ है। उसकी वजह से हिन्दस्तान और आसपास की सरहदें सब परेशान हैं। पूरी दुनिया परेशान है। उस पाकिस्तान के खिलाफ, उस आंतकवाद के खिलाफ जिसने मेरे भाईयों को मारा, जिसके अंदर मासूम लोग थे। बेगुनाह, बेकसूर लोग थे। घूमने के लिये गये थे। जब आदमी दुनियावी चीज से थक जाता है, तब वो घूमने की तरफ जाता है। आपने उनको मौत के घाट उतार दिया। इतनी बर्बरियत इतनी तकलीफ पहुंची है।' उन्होंने आगे कहा, 'हर जगह के उलेमा जो हक बात कहते हैं। वो हक बात ये है कि किसी को नाहक नहीं मारना है। किसी के साथ जुल्म नहीं करना है। ये इस्लाम का पैगाम है। इस्लाम ये नहीं सिखाता कि आप आइये और अपने चेहरों पर नकाब लगाकर किसी को भी मार दें। इस्लाम ये सिखाता है कि रास्ते से तकलीफदेह चीज को हटाना। पत्थर अगर पड़े हुए हैं तो उसको साइड में करना।



## आतंक की हद पार मानवता के खिलाफ अपराध

कश्मीर में हाल ही में घटी घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। निर्दोष पर्यटकों पर आतंकियों द्वारा किया गया यह हमला न केवल एक जघन्य अपराध था, बल्कि मानवता के मूल्यों के खिलाफ सीधा हमला था। आतंकवादियों ने निर्दयता की सारी सीमाएं पार कर दीं, जब उन्होंने 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी और कई अन्य को घायल किया।ऐसी क्रूरता का इस्लाम से कोई संबंध नहीं हो सकता। इस्लाम शांति, करुणा और मानवता का धर्म है। किसी भी निर्दोष की हत्या इस्लाम में एक गंभीर पाप मानी जाती है। पैगम्बर हज़रत मुहम्मद (स.अ.) ने युद्ध में भी बच्चों, महिलाओं और बुज़ुर्गों की रक्षा का आदेश दिया था। वे मानवता की रक्षा को सर्वोपरि मानते थे। देश के सभी धर्मों और समुदायों के लोग मिलकर इस आतंकवाद की निंदा कर रहे हैं। भारत के मुसलमान स्पष्ट रूप से आतंक के इस स्वरूप के खिलाफ हैं, और देश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। हमें यह समझना होगा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। यह केवल हिंसा और डर फैलाने का साधन है। भारत सरकार ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक कदम उठाए हैं। देशवासी आश्वस्त हैं कि इस बार आतंकियों को करारा जवाब मिलेगा। भारत एक शांतिप्रिय राष्ट्र है, लेकिन अपनी जनता की सुरक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाने में सक्षम है। यह समय है एकजुट होने का। यह समय है, यह दिखाने का कि भारत की 140 करोड़ जनता हर प्रकार के आतंक और बर्बरता के खिलाफ एक स्वर में खड़ी है चाहे वह किसी भी रूप या नाम में सामने आए।



अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकार डॉ रौनक जमाल

नवाब गुलाम अहमद जमाल साहित्यिक नामः डॉ. रौनक जमाल शिक्षाः एमए उर्दू, एमए फ़ारसी अमेरिका के हैती विश्वविद्यालय ने उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है। जन्म तिथिः 25 मई, 1954 पुरस्कार और इनाम प्रांतीय पुरस्कारः हसन अली ढाला, रु. 2 लाख शादान एंडोरी पुरस्कारः 15,000 रुपये बिहार उर्दू अकादमी से पिंजरे में बंद आदमी एक परेशान अजनबी चतुर कमीना छोटा पुलिसकर्मी उपन्यास मूनसाइड पुरस्कार एवं सम्मान - रु. 1,00,000/-। 5,000 प्रत्येक बच्चों के समूह अबाजान को उत्तर प्रदेश अकादमी से 10,000 रुपये का पुरस्कार मिला 'द कलर ऑफ कोरोना' पुस्तक को बंगाल उर्दू अकादमी से 15,000 रुपये का पुरस्कार मिला बज़्म ग़ालिब सोलापुर की अखिल भारतीय नाट्य लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15,000 रुपये, शील्ड और प्रमाण पत्र कई संघों से पचासवां पुरस्कार बचकानी शैली के आविष्कारक कहानियाँ, दंतकथाएँ, बाल साहित्य, निबंध, उपन्यास, नाटक, टिप्पणियाँ, सामान्य लेख, लेखकों और कवियों द्वारा पुस्तकों में लेख, समाचार पत्रों में स्तंभकार आदि का लेखन और प्रकाशन जारी है। छत्तीसगढ़ से बाल भारती की छठी और सातवीं कक्षा की पुस्तकों में शामिल कहानियाँ। उपासना की कहानी इंग्लैंड के हडर्सफील्ड विश्वविद्यालय की पुस्तक में शामिल है। अखिल भारतीय कथा अकादमी के अध्यक्ष। उन्होंने दुर्ग में अपने खर्च पर दो दो दिवसीय अखिल भारतीय संगोष्ठियों का आयोजन किया है, जिसमें देश के कई ख्यातिप्राप्त लेखकों ने भाग लिया।

**पेशा। मुर्गीपालक**
**पता। डॉ. रौन जमाल**
**'यूनिवर्स' स्ट्रीट नं. 9**
**न्यू आदर्श नगर, दुर्ग छत्तीसगढ़**

## ओलंपियन विवेक सागर ने रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय को भेंट की भारतीय हॉकी टीम द्वारा हस्ताक्षरित जर्सी

**संवाददाता ● भोपाल**

भारतीय हॉकी टीम के वाइस कैप्टन एवं टोक्यो व पेरिस ओलंपिक में ब्रॉन्ज़ मेडल विजेता विवेक सागर ने रायसेन जिले के जिला खेल अधिकारी श्री जलज चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आज रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे जी को भारतीय हॉकी टीम द्वारा हस्ताक्षरित विशेष जर्सी भेंट की।

कुलाधिपति श्री संतोष चौबे जी ने विवेक सागर का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए बधाई दी। आगे उन्होंने कहा कि विवेक केवल हमारे विश्वविद्यालय के नहीं बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने प्रदेश के साथ-साथ देश का गौरव बढ़ाया है और उनके द्वारा दी गई यह जर्सी उस गौरव का प्रतीक है। इस विशेष अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रो-चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स और एआईसी-आरएनटीयू के निदेशक डॉ. नितिन वत्स ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विवेक सागर विश्वविद्यालय के छात्र हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय उनके इस समर्पण और सफलता पर गर्व करता है।




इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी, ओएसडी टू चेयरमैन श्री पद्मेश चतुर्वेदी, उपकुलसचिव समीर चौधरी, स्पोर्ट्स आफिसर सतीश अहिरवार और जनसंपर्क अधिकारी विजय प्रताप उपस्थित थे।

## जिला पंचायत उपाध्यक्ष की भूख हड़ताल



**संवाददाता ● भोपाल**

जिले में अधूरी नल-जल योजनाओं के विरोध में गुरुवार को जिला पंचायत उपाध्यक्ष और सदस्य भूख हड़ताल पर बैठ गए। उन्होंने लगातार 7 घंटे तक भूख हड़ताल की। शाम को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे। कलेक्टर ने जांच करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद भूख हड़ताल खत्म हुई। दरअसल दोपहर 12 बजे जिपं उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट, सदस्य विनय मेहर, चंद्रेश राजपूत, देवकुवर हाड़ा समेत सुरेश राजपूत, अनिल हाड़ा और विनोद राजोरिया अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए थे। जिला पंचायत सीईओ ईला तिवारी ने जनप्रतिनिधियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। हड़ताल पर बैठे सदस्यों का आरोप था कि पीएचई विभाग के अफसरों ने ठेकेदारों ने मिलकर गड़बड़ियां की हैं। धरातल पर नल जल योजना बंद है। इनके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में जनता पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। शाम को कलेक्टर ने पहुंचकर जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद भूख हड़ताल समाप्त हुई।

### CM यादव का आदेश

# पराली जलाने वाले किसानों को नहीं मिलेगा लाभ

**संवाददाता ● भोपाल**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि पराली जलाने वाले किसानों को एक मई से राज्य में किसान कल्याण योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। यादव ने गुरुवार को इस मुद्दे को उठाया और कहा कि राज्य सरकार अगले साल पराली जलाने वाले किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसल नहीं खरीदेगी। उन्होंने राजस्व विभाग के प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए कहा, 'मध्यप्रदेश एक कृषि प्रधान राज्य है। फसल कटाई के बाद पराली जलाने की बढ़ती प्रवृत्ति ने वायु प्रदूषण सहित कई तरह से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया है। इस समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार ने पराली जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बावजूद अगर कोई किसान अपने खेत में पराली जलाता है तो उसे मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ नहीं मिलेगा।' यादव ने कहा कि पराली जलाने से मिट्टी के पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और भूमि की उर्वरता कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, मृदा संरक्षण और भूमि उत्पादकता सुनिश्चित करने के मद्देनजर राज्य सरकार का यह निर्णय एक मई से लागू होगा। दरअशल, इस साल रबी की फसल के बाद पराली जलाने के मामले में इजाफा हुआ है। इसी वजह से किसानों पर जुर्माना लगाने और एफआईआर दर्ज करने की गई। अब सरकार ने यह फैसला लिया है।

**आदेश**



**अफसरों के साथ की थी बैठक-** मुख्यमंत्री ने भोपाल में राजस्व विभाग के अफसरों के साथ बैठक की थी। जिसमें उन्होंने कई अहम निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पराली जलाने के मामलों में इजाफा होने से वायु प्रदूषण सहित पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। जमीन में मौजूद पोषत तत्व नष्ट हो जाते हैं और भूमि की उर्वरक क्षमता में गिरावट आती है। यही वजह है कि सरकार ने पहले ही पराली जलाने को प्रतिबंधित कर चुकी है।



# बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको के साथ लंच डेट पर गईं अनन्या पांडे

बेस्ट फ्रेंड सुहाना खान को साथ लेकर रुमर्ड बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे अपनी शूटिंग से ब्रेक लेकर रुमर्ड बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको के साथ लंच डेट पर गई थीं। दोनों की तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं जिसमें कपल को रेस्टोरेंट से बाहर निकलते देखा जा सकता है। खास बात ये है कि इस लव बर्ड के साथ एक्ट्रेस की बेस्ट फ्रेंड सुहाना खान भी थीं। तीनों ने साथ में लंच डेट टाइम एन्जॉय किया और फिर अलग-अलग वहां से निकल गए। रुमर्ड बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको अलग गाड़ी में आए थे। एक वीडियो सामने आया है जिसमें अनन्या पांडे बेबी ब्लू टॉप और व्हाइट पैंट में खूबसूरत दिख रही हैं। उन्होंने अपने बाल खुले रखे और मिनिमल मेकअप लुक कैरी किया हुआ है। सुहाना खान ने अपनी बेस्ट फ्रेंड के साथ व्हाइट क्रॉप टॉप और ब्लू शर्ट और जींस पहनी। वह अपने बालों को बांधे हुए थीं। और बेहद प्यारी लग रही थीं। वहीं, वॉकर ने व्हाइट टी और खाकी पैंट में अपने लुक को सिंपल रखा। वॉकर ब्लैंको को कर रही हैं डेट? आदित्य रॉय कपूर से ब्रेकअप के बाद से ही अनन्या का नाम वॉकर के साथ जुड़ रहा है। दोनों के रिश्ते की शुरुआत अनंत और राधिका अंबानी की शादी से मानी जाती है। अंबानी के फंक्शन में पहली बार अनन्या और वॉकर को साथ देखा गया था। एक्ट्रेस ने अपने गले में इसी नाम से एक पेंडेंट भी पहना हुआ है। वॉकर ब्लैंको अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अनन्या की तस्वीरें शेयर कर चुके हैं। उन्होंने एक्ट्रेस को जन्मदिन की बधाई देते हुए तस्वीरों के साथ एक पोस्ट शेयर किया था। इस पोस्ट में वॉकर ने लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो, ब्यूटीफुल। तुम बहुत खास हो। मैं तुमसे प्यार करता हूं!' इस पोस्ट ने जैसे दोनों के अफेयर की खबर को कन्फर्म कर दिया हो। वॉकर कई मौकों पर अनन्या के साथ देखे गए हैं।



# पेरेंटहुड की तैयारी में कियारा-सिद्धार्थ

बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा अपने बिजी शेड्यूल के बाद भी प्रेग्नेंट पत्नी को अधिक से अधिक वक्त दे रहे हैं। क्लिनिक में रुटीन चेकअप्स हो या हॉस्पिटल टाइम, एक्टर अपने पति होने की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं। बॉलीवुड का चहेता कपल कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों जीवन के सबसे खूबसूरत फेज में हैं। खबरों की मानें तो यह जोड़ी जल्द ही पैरेंट्स बनने वाली है। जहां कियारा अपनी प्रेग्नेंसी जर्नी को लेकर काफी सतर्क और एक्साइटेड हैं, वहीं सिद्धार्थ अपने बिजी शूटिंग शेड्यूल के बावजूद पत्नी का पूरा ध्यान रखने की कोशिश कर रहे हैं। हाल में दोनों को मुंबई के एक क्लिनिक के बाहर देखा गया था जहां एक्टर पैपराजी पर भड़क गए थे। सिद्धार्थ इन दिनों जाह्नवी कपूर के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'परम सुंदरी' की शूटिंग में बिजी हैं। शूटिंग लोकेशन चाहे जितनी दूर क्यों न हो, एक्टर हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि वो कियारा के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिता सकें। बताया जा रहा है कि सिद्धार्थ अक्सर शूटिंग से फ्री होते ही घर लौट आते हैं ताकि पत्नी की हेल्थ और इमोशनल सपोर्ट का पूरा ध्यान रख सकें।इस बीच कियारा ने अपनी प्रेग्नेंसी के चलते फरहान अख्तर की फिल्म 'डॉन 3' से खुद को अलग कर लिया है। एक्ट्रेस फिलहाल सिर्फ अपने परिवार और आने वाले बेबी पर फोकस करना चाहती हैं।

# सुकेश ने जैकलिन की मां को किया याद



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट पर एक लेटर वायरल हो रहा है। इस वायरल लेटर के साथ दावा किया जा रहा है कि दिल्ली की जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने एक्ट्रेस जैकलिन फर्नांडीस को एक चिट्ठी लिखी है। इस लेटर में सुकेश ने जैकलिन को बताया है कि उसने उनकी मां के सम्मान और याद में बाली में एक लिली और एक ट्यूलिप गार्डन बनवाया है। जैकलिन फर्नांडीस की मां किम फर्नांडीस का निधन 6 अप्रैल को हीट स्ट्रोक से हुआ था। सुकेश ने लेटर में लिखा- मां हमारी बेटी के रूप में पुनर्जन्म लेंगी। सकेश चंद्रशेखर जेल जाने से पहले कथित तौर पर जैकलिन फर्नांडीस के बॉयफ्रेंड थे। सुकेश ने चिट्ठी में लिखा- मैंने जमीन का एक बड़ा टुकड़ा लिया है बाली में जहां फार्मिंग चल रही है, अब वो एक पूरा प्राइवेट गार्डन है जिसका नाम किम गार्डन है। मैं मां की याद में तुम्हें ईस्टर गिफ्ट के तौर पर आज के गार्डन दे रहा हूं।' आगे लिखा कि उन्हें संभालने के लिए वो हर कुछ कर रहे हैं। आपके आसपास लोग ये दिखाने की कोशिश करेंगे कि वो आपके साथ हैं, लेकिन सिर्फ अपने मतलब से हैं वो, आशा करता हूं आपको ये पता हो। 'मां निश्चित रूप से हमारी बेटी के रूप में पुनर्जन्म लेंगी। बेबी, मैं वास्तव में चाहता हूं कि तुम पापा के साथ अपने ईस्टर गिफ्ट को देखने जाओ, जो मैं तुम्हें आज दे रहा हूं, जो मां के लिए समर्पित हैं'। क्योंकि तुम निश्चित रूप से वहां उनकी उपस्थिति महसूस करोगी।" सुकेश ने चिट्ठी में ये भी बताया है कि उसने किम यानी जैकलिन की मां के लिए वैटिकन की चर्च में एक मास का आयोजन किया है।

# 'बॉलीवुड को मरम्मत की जरूरत..' आमिर खान



हिंदी सिनेमा या कहें बॉलीवुड हाल के सालों में एक बुरे दौर से गुजर रहा है, जहां बॉक्स ऑफिस पर हिट फिल्मों की तुलना में ज्यादा फ्लॉप फिल्में आ रही हैं। अब सलमान और आमिर खान जैसे कई बड़े स्टार भी हिट को तरस रहे हैं। रीजनल फिल्मों की तुलना में, हिंदी फिल्में हाल के समय में बॉक्स ऑफिस नंबर और सिनेमा में दर्शकों की संख्या के मामले में अपनी छाप छोड़ने में विफल रही हैं। वहीं दूसरी इंडस्ट्री फिर चाहे वो मललायम हो या तमिल, तेलुगू हो या फिर कन्नड़, वहां की कहानियां अच्छा परफॉर्म कर रही हैं। इस स्थिति को स्वीकार करते हुए, आमिर खान ने कहा कि हिंदी फिल्में अन्य फिल्म इंडस्ट्री के बराबर ही हैं, हालांकि इसमें सुधार की गुंजाइश है। हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया के साथ इंटरव्यू में, आमिर ने कहा, 'मैं यह नहीं कह रहा हूं कि हम बेहतर फिल्म निर्माता नहीं हो सकते। निश्चित रूप से, मुझे लगता है कि फिल्म निर्माताओं के रूप में हमारे लिए सुधार करने और अलग- अलग इंडस्ट्री से सीखने की बहुत गुंजाइश है। ऐसा कहने के बाद, उनसे पूछा गया कि क्या देश भर में फिल्म निर्माण की क्वालिटी में कोई अंतर है?' इस पर जबाव देते हुए उन्होंने कहा, 'अगर आप 70 और 80 के दशक की बात करें तो हम जो फिल्में बना रहे हैं उनकी क्वालिटी पर गौर करें। जब मैं 1988 में आया था, तो मेरे हिसाब से उस समय बनने वाली फिल्मों की संख्या बहुत कम थी। तब से, अगर आप मुझसे पूछें तो हमने सुधार किया है। 90 के दशक के बाद, जब 2000 आया, तो दर्शक बदल गए।



## अंकिता लोखंडे ने शेयर की अपनी खास याद

मशहूर एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे बेहतरीन एक्टिंग और स्टाइलिश लुक्स के लिए जानी जाती हैं। वह जितनी सुंदर मॉडर्न आउटफिट्स में लगती हैं, उससे कहीं ज्यादा खूबसूरत साड़ी में दिखती हैं। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपना लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया है, जो अब इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। अंकिता ने इंस्टाग्राम पर अपना नया फोटोशूट फैंस के साथ शेयर किया। फोटो में वह ब्लैक प्रिंटेड फ्लोरल साड़ी में नजर आ रही हैं। उन्होंने इस साड़ी के साथ फुल स्लीव्स ब्लाउज पहना हुआ है। वहीं बड़े ईयररिंग्स के साथ बालों का बन बनाया हुआ है। फोटो में वह अपनी कातिलाना अदाओं से लोगों को अपना दीवाना बना रही हैं। इस पोस्ट में उन्होंने उर्मिला मातोंडकर की फिल्म 'रंगीला' के टाइटल सॉन्ग का इस्तेमाल किया है। इस गाने को आशा भोसले और आदित्य नारायण ने गाया है, वहीं म्यूजिक एआर रहमान ने दिया है। पोस्ट में उन्होंने कुछ पुरानी फोटो शेयर कीं, जो उनके पिता ने खींची थीं। इसके साथ उन्होंने लिखा- 'मैं बनूंगी मिस स्टार ऑफ द वर्ल्ड' अपने कैप्शन में अंकिता ने लिखा- 'बचपन के सपने को साकार करना वाकई बहुत बड़ी बात है। खास तौर पर यह गाना और इस पोस्ट की आखिरी तस्वीर, जो मेरे पापा ने ली थी।। क्या यादें हैं।' वर्क फ्रंट की बात करें तो अंकिता अपने पति विक्की जैन के साथ इन दिनों 'लाफ्टर शेफ्स' में नजर आ रही हैं। शो में दोनों की नोक-झोंक फैंस को खूब पसंद आती है।

# शादी की पहली एनिवर्सरी से पहले सोनाक्षी-जहीर ने खरीदी बेहद महंगी कार

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा जून में पति जहीर इकबाल संग अपनी शादी की पहली सालगिरह सेलिब्रेट करेंगी। उससे पहले इस जोड़ी ने एक नई लग्जरी कार खरीदी है। सोनाक्षी के पति और अभिनेता जहीर इकबाल ने अपनी बीवी संग नई गाड़ी के साथ पोज देते हुए एक प्यारी तस्वीर भी इंस्टा अकाउंट पर शेयर की है। चलिए जानते हैं कपल की गाड़ी की कीमत कितनी है। बता दें कि सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति ज़हीर इकबाल ने हाल ही में अपने लिए एक नई BMW कार खरीदी है। जहीर इकबाल ने इंस्टाग्राम पर अपनी नई कार की एक तस्वीर भी शेयर की, जिसमें कपल अपनी नई गाड़ी को फ्लॉन्ट करते हुए पोज देते नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही जहीर ने कैप्शन में लिखा है, 'फाइनली अपनी नई कार को चलाने के लिए बेहद एक्साइटेड हूं। 'सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की नई BMW कार X5 या X3 सीरीज़ की है। अनुमान है कि इसकी औसत कीमत 90 लाख रुपये से 1.37 करोड़ रुपये के बीच होगी। जैसे ही ज़हीर इकबाल ने यह तस्वीर शेयर की, फैंस ने इस पर रिएक्शन देना शुरू कर दिया और बधाई मैसेज से कमेंट सेक्शन भर दिया। एक ने लिखा, 'बधाई हो भाई।' दूसरे ने कमेंट किया, 'मुबारक हो भाईजान।' वहीं एक और ने लिखा, 'दुनिया की सबसे खूबसूरत जोड़ी।' बता दें कि सोनाक्षी सिन्हा ने पिछले साल 23 जून को मुंबई में अपने घर पर परिवार और क्लोज फ्रेंड्स की मौजूदगी में ज़हीर से शादी की थी। शादी के बाद मुंबई के एक मशहूर रेस्टोरेंट और इवेंट वेन्यू बैस्टियन में कपल ने ग्रैंड रिसेप्शन होस्ट किया था जिसमें बॉलीवुड की कई हस्तियां शामिल हुईं थी। सोनाक्षी और जहीर ने शादी के बंधन में बंधने से पहले सात साल तक एक दूसरे को डेट किया था।दोनों ने 2022 में फिल्म डबल एक्सएल में भी साथ काम किया था। इस बीच, वर्क फ्रंट की बात करें तो सोनाक्षी सिन्हा जल्द ही जटाधारा में दिखाई देंगी, जो तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में उनकी पहली फिल्म है।सोनाक्षी सिन्हा को आखिरी बार संजय लीला भंसाली की नेटफ्लिक्स सीरीज़ हीरामंडी में देखा गया था, जिसमें मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, शर्मिन

### कपल ने नई गाड़ी संग दिए पोज



## शादियों में दिखना है स्लिम और कातिल तो अनन्या पांडे की तरह पहनें ब्लाउज



अगर आप शादी या रिसेप्शन पर लंहगा-साड़ी के लिए ट्रेंडी ब्लाउज ढूंढ रहे हैं तो ये खबर आपके लिए ही है। यहां हम आपके लिए अनन्या पांडे के कुछ शानदार ब्लाउज डिजाइन चुनकर लाए हैं। जिन्हें पहनकर आप आपकी स्टाइलिश औऱ सुंदर के साथ स्लिम भी दिखेंगी। शादी के लिए गोल्डन कलर हमेशा ही ट्रैंड में रहता है। आप भी इस कलर की लहंगा या साड़ी पहन रहे हैं तो अनन्या के इस लुक से इंस्पीरेशन ले सकती हैं। ये पतली स्ट्रिप वाला ब्लाउज भी आपके शादी लुक में चार चांद लगा देगा। इसे आप एक्ट्रेस की तरह हैवी साड़ी के साथ पहन सकती हैं। अगर आप अपनी बेस्टी की शादी में ग्लैमरस लुक चाहती हैं तो अनन्या का ये लेटेस्ट श्रग ब्लाउज बेस्ट ऑप्शन है। अगर आप ये पहनेगी तो कोई भी आपसे अपनी नजरें नहीं हटा पाएगा। अनन्या पांडे का ये ऑफ शोल्डर ब्लाउज से भी आप इंस्पीरेशन ले सकते हैं। इसे आप अपनी भाई या बहन के रिसेप्शन में भी कैरी कर सकती हैं। अगर आप नई दुल्हन और किसी शादी में जा रही हैं तो अनन्या की तरह ये बैक से डीप वाला ब्लाउज बनवा सकती हैं। इसमें एक्ट्रेस की तरह आप भी लटकन लगवा सकती हैं। अनन्या ने कुछ दिन पहले ये ब्राइड लुक वाली तस्वीरें शेयर की थी। तो अगर आप खुद दुल्हन बनने वाली हैं। तो लहंगे के साथ ऐसा वी नेक वाला ब्लाइज बनवा सकती हैं। जो आजकल काफी फैशन में हैं। इन दिनों बैकलेस ब्लाउज भी काफी ट्रैंड में हैं।

# शर्मिन सहगल के घर जल्द गूंजेगी किलकारी



फिल्म निर्माता-निर्देशक संजय लीला भंसाली की भतीजी शर्मिन सहगल ने 2024 में उन्हीं की वेब सीरीज 'हीरामंडी' में अभिनय की शुरुआत की थी। 2023 में, उन्होंने बिजनेसमैन अमन मेहता से शादी की। अब यह जोड़ा अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहा है। शर्मिन सहगल, जो संजय लीला भंसाली की फिल्म 'हीरामंडीः द डायमंड बाजार' से मशहूर हुईं, अपने पति अमन मेहता के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। विक्की लालवानी ने इंस्टाग्राम पर दावा किया है कि शर्मिन मां बनने वाली हैं। हालांकि, शर्मिन या अमन की ओर से अभी तक इस खबर की पुष्टि नहीं हुई है। शर्मिन की शादी अमन मेहता से हुई है, जो टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स के कार्यकारी निदेशक हैं। दोनों ने नवंबर 2023 में इटली में शादी की। अमन मेहता के पिता समीर मेहता की कई बिलियन डॉलर संपत्ति के मालिक है। मई 2024 में 'हीरामंडी' रिलीज होने के बाद शर्मिन को उनके अभिनय के लिए आलोचना झेलनी पड़ी। वह भंसाली की भतीजी हैं और उन्होंने सीरीज में आलमजेब का किरदार निभाया। ट्रोलिंग पर शर्मिन ने कहा कि उन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य पर काम किया है और दर्शकों की प्रतिक्रियाओं के लिए तैयार थीं।

# शर्मा ने कैप से उठाई गेंद, नहीं हुई कार्रवाई, अंपायर ने क्यों नहीं लिया एक्शन?



एजेंसी ● बेंगलुरू

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को 11 रन से हराकर घर में पहली जीत हासिल कर ली। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में आरसीबी के सुयश शर्मा ने कुछ ऐसा कर दिया जो अब चर्चा का विषय बना हुआ है। रोमांचक मैच में युवा खिलाड़ी ने गेंद को कैप से उठा लिया, जिसके बावजूद उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।यह घटना राजस्थान की पारी के नौवें ओवर की है। आरसीबी के फील्डर सुयश शर्मा ने अपनी कैप से गेंद को उठा लिया। आईपीएल मैच प्लेइंग कंडीशंस के नियम 28.2.12 के मुताबिक, मैच के दौरान फील्डिंग करते हुए खिलाड़ी अपने कपड़े या किसी अन्य चीज का इस्तेमाल कर गेंद को नहीं उठा सकते। अगर फील्डर ऐसा करते हैं तो टीम पर पांच रन की पेनाल्टी लगाई जाती है। हालांकि, इस मुकाबले में ऐसा नहीं हुआ।नियम के अनुसार, गेंद को किसी कपड़े या किसी अन्य चीज से पकड़ने पर तत्काल गेंद को डेड घोषित कर दिया जाता है और गेंदबाजी कर रही टीम पर पांच रन की पेनाल्टी लगाई जाती है। सुयश ने जब गेंद को कैप से उठाया वह थर्ड मैन पर मौजूद थे। उन्होंने एक ओवरथ्रो को रोकने के लिए ऐसा किया। इसके बाद खेल कुछ देर के लिए रुका। थर्ड अंपायर ने रिप्ले चेक किया और पाया कि सुयश के गेंद को कैप से कलेक्ट करने से पहले ही मैदानी अंपायरों ने गेंद को डेड घोषित कर दिया था, जिसकी वजह से आरसीबी पर कोई पेनाल्टी नहीं लगी।

## मैच में क्या हुआ?

विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद जोश हेजलवुड की घातक गेंदबाजी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को 11 रन से हरा दिया। गुरुवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 205 रन बनाए। यह आरसीबी का इस टीम के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में राजस्थान की टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट खोकर सिर्फ 194 रन ही बना सकी। उनके लिए यशस्वी जायसवाल ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। वहीं, आरसीबी के लिए हेजलवुड ने चार विकेट झटके जबकि क्रुणाल पांड्या को दो विकेट मिले। इसके अलावा भुवनेश्वर कुमार और यश दयाल ने एक-एक सफलता अपने नाम की।

## चिन्नास्वामी में जीत के साथ तीसरे स्थान पर पहुंची आरसीबी

अपने घरेलू मैदान पर आरसीबी ने सत्र की पहली जीत दर्ज की। इससे पहले उन्होंने चिन्नास्वामी में तीन मुकाबला गंवाए थे। नौ में से छह मैच जीत चुकी बेंगलुरु 12 अंक और 0.482 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं, राजस्थान लगातार पांच मैचों में शिकस्त के साथ आठवें स्थान पर बनी हुई है। उनका नेट रन रेट -0.625 हो गया है।

# चिन्नास्वामी में खुला आरसीबी की जीत का खाता, राजस्थान की लगातार 5वीं शिकस्त

एजेंसी ● बेंगलुरू



विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद जोश हेजलवुड की घातक गेंदबाजी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को 11 रन से हरा दिया। गुरुवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 205 रन बनाए। यह आरसीबी का इस टीम के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में राजस्थान की टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट खोकर सिर्फ 194 रन ही बना सकी। उनके लिए यशस्वी जायसवाल ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। वहीं, आरसीबी के लिए हेजलवुड ने चार विकेट झटके जबकि क्रुणाल पांड्या को दो विकेट मिले। इसके अलावा भुवनेश्वर कुमार और यश दयाल ने एक-एक सफलता अपने नाम की।

अपने घरेलू मैदान पर आरसीबी ने सत्र की पहली जीत दर्ज की। इससे पहले उन्होंने चिन्नास्वामी में तीन मुकाबला गंवाए थे। नौ में से छह मैच जीत चुकी बेंगलुरु 12 अंक और 0.482 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं, राजस्थान लगातार पांच मैचों में शिकस्त के साथ आठवें स्थान पर बनी हुई है। उनका नेट रन रेट -0.625 हो गया है।यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ने टीम को शानदार शुरूआत दिलाई थी। 23 वर्षीय बल्लेबाज जायसवाल ने भुवनेश्वर कुमार के खिलाफ पारी की पहली ही गेंद पर छक्का जड़कर अपने इरादे जाहिर कर दिए थे। उन्होंने 14 वर्षीय सूर्यवंशी के साथ पहले विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी निभाई। उन्हें भुवनेश्वर कुमार ने बोल्ड किया। वहीं, यशस्वी 19 गेंदों में 49 रन बनाकर आउट हो गए। वह एक रन से अपना अर्धशतक पूरा करने से चूके। अपनी धमाकेदार पारी के दौरान उन्होंने सात चौके और तीन छक्के लगाए।


इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए नीतीश राणा और रियान पराग ने मोर्चा संभाला और तीसरे विकेट के लिए 38 रन जोड़े। हालांकि, दोनों को क्रुणाल पांड्या ने अपना शिकार बनाया। नीतीश 28 और रियान 22 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस मुकाबले में जायसवाल के अलावा ध्रुव जुरेल ने 40 से ज्यादा रनों की पारी खेली। उन्होंने तीन चौके और इतने ही छक्के की मदद से 47 रन बनाए। हालांकि, वह अपनी टीम को जीत दिलाने से पहले ही आउट हो गए। आरसीबी के खिलाफ शुभम दुबे ने 12 रन बनाए जबकि जोफ्रा आर्चर खाता भी नहीं खोल पाए। वहीं, वानिंदु हसरंगा एक रन बनाकर रनआउट हो गए जबकि तुषार देशपांडे और फजलहक फारुकी क्रमशः एक और दो रन बनाकर नाबाद रहे।

इस मैच में फिल सॉल्ट और विराट कोहली ने आरसीबी को सधी शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी हुई। वानिंदु हसरंगा ने सातवें ओवर में सॉल्ट को अपना शिकार बनाया। वह 23 गेंदों में 26 रन बनाकर आउट हुए। इसमें चार चौके शामिल हैं। इसके बाद किंग कोहली को देवदत्त पडिक्कल का साथ मिला। दूसरे विकेट के लिए दोनों ने 51 गेंदों में 95 रन जोड़े। इस दौरान आरसीबी के पूर्व कप्तान ने 32 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनके आईपीएल करियर का 60वां पचासा है जबकि मौजूदा सत्र का पांचवां अर्धशतक है। वह 42 गेंदों में 70 रनों की तूफानी पारी खेलकर पवेलियन लौटे। इस दौरान उनके बल्ले से आठ चौके और दो छक्के निकले। वहीं, देवदत्त पडिक्कल ने 27 गेंदों नें 50 रन बनाए। उनके अलावा टिम डेविड ने 23, रजत पाटीदार ने एक रन बनाया। इसके अलावा जितेश शर्मा चार चौके की मदद से 20 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान के लिए संदीप शर्मा ने दो विकेट लिए जबकि जोफ्रा आर्चर और वानिंदु हसरंगा ने एक-एक सफलता हासिल की।

# रजत पाटीदार ने गेंदबाजों को दिया घर पर पहली जीत का श्रेय, कोहली बोले- हमने जीत का तरीका ढूंढ लिया है

एजेंसी ● बेंगलुरू

आईपीएल 2025 में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने घर में पहली जीत दर्ज की। चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले मे आरसीबी ने राजस्थान रॉयल्स को 11 रन से हरा दिया। जीत के बाद आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने जीत का श्रेय गेंदबाजों को दिया। आरसीबी के लिए जोश हेजलवुड ने 33 रन देकर चार विकेट लिए और बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने आरआर की पारी के 19वें ओवर में दो विकेट लेकर मैच पलट दिया।जत ने कहा, 'यह जीत हमारे लिए बहुत जरूरी थी। पिच वैसी नहीं थी जिसकी उम्मीद की थी। पर जीत का पूरा श्रेय गेंदबाजों को जाता है। उन्होंने 10वें ओवर के बाद जिस तरह से गेंदबाजी की वो काबिले तारीफ थी। उन्होंने जो जज्बा दिखाया, वो शानदार था। हम विकेट की तलाश में थे। जब आप विकेट हासिल करते हो तो ही आप रन रोक सकते हो।



मैं हमेशा अपनी प्रवृत्ति का पहले समर्थन करता हूं, लेकिन हमारे पास कई लीडर्स हैं और उनके इनपुट बहुत मदद करते हैं।'वहीं विराट कोहली भी घर पर जीत से खुश दिखे। उन्होंने कहा, 'बहुत खुश हूं। हमने बल्लेबाजी इकाई के रूप में कुछ चीजों पर चर्चा की थी और बोर्ड पर अच्छा स्कोर हासिल करने के लिए प्लान को अच्छी तरह से लागू किया। दूसरी पारी में ओस ने काफी मदद की और आरआर के बल्लेबाजों ने अच्छे शॉट खेले, लेकिन हमने वापसी की और उन दो अंकों को हासिल करना वास्तव में महत्वपूर्ण था। यहां पहली चुनौती टॉस जीतना है और दूसरे हाफ में चेज थोड़ा आसान हो जाता है। हम पहले कुछ मैचों में अच्छा स्कोर बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे, लेकिन इस मैच में हमारे पास पूरा लाइसेंस था।'

कोहली ने कहा, 'पहले तीन-चार ओवरों में गति और उछाल रहती है और मुझे लगता है कि हमने पिछले तीन मैचों में शुरूआती ओवरों में ही बहुत सारे शॉट लगाने की कोशिश की। हालांकि, आरआर के खिलाफ हमने गेंद को आने दिया और खुद को उस परिस्थिति में समायोजित किया और हम इसका फायदा उठाने में सक्षम थे। हमने अभी बल्लेबाजी करने का तरीका ढूंढ लिया है और अगले कुछ घरेलू मैचों में हमें 15-20 रन अतिरिक्त बनाने के लिए बेहतर स्थिति में होंगे। यह आईपीएल में क्रिकेट खेलने के लिए सबसे अच्छी जगह है। प्रशंसकों ने अच्छे और बुरे समय के दौरान हमारा समर्थन किया। यह एक खास जगह है और इससे कई खास यादें जुड़ी हैं।'आरसीबी ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (70 रन) और देवदत्त पडीक्कल (50 रन) के अर्धशतकों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 51 गेंद में 95 रन की साझेदारी से टीम ने पांच विकेट पर 205 रन का एक अच्छा स्कोर खड़ा किया। पर हेजलवुड की शानदार गेंदबाजी से राजस्थान रॉयल्स 20 ओवर में नौ विकेट पर 194 रन ही बना सकी। हेजलवुड को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## विराट कोहली टी20 में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज, क्रिस गेल और बाबर आजम को पीछे छोड़ा

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में अर्धशतकीय पारी खेलकर कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। वह टी20 में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। इसके अलावा कोहली ओपनिंग करते हुए इस प्रारूप में 50 से ज्यादा रनों की पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए।बंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में विराट कोहली का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने 32 गेंदों में मौजूदा सत्र का अपना पांचवां पचासा पूरा किया। यह उनके आईपीएल करियर का 60वां अर्धशतक भी है। इसी के साथ किंग कोहली ने बाबर आजम का रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने ओपनिंग करते हुए 62 बार 50 से ज्यादा रनों की पारी खेली। वहीं, बाबर आजम ने 61 बार टी20 में 50 से ज्यादा रनों की पारियां खेली हैं।राजस्थान के खिलाफ दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 70 रनों की तूफानी पारी खेली। इसमें आठ चौके और दो छक्के शामिल हैं। कोहली इसी के साथ टी20 प्रारूप में सर्वाधिक 50+ स्कोर बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 110 बार 50+ स्कोर बनाया। विराट कोहली के नाम 111* बार टी20 में 50 से ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है।

## 'कोहली ने टी20 अंतरराष्ट्रीय से जल्दी संन्यास लिया', सुरेश रैना ने बताया कब तक खेल सकते थे विराट

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना का मानना है कि विराट कोहली ने बहुत जल्दी टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया। रैना ने साथ ही कहा कि कोहली 2026 टी20 विश्व कप कप तक खेल सकते थे जो उपमहाद्वीप में आयोजित किया जाएगा। रैना की यह टिप्पणी ऐसे समय सामने आई है जब कोहली ने गुरुवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 42 गेंदों पर 70 रनों की पारी खेली। रैना ने कहा कि कोहली में अभी भी बहुत कुछ बचा हुआ है और वह उच्चतम स्तर पर योगदान देना जारी रख सकते थे। मालूम हो कि कोहली ने बारबाडोस में 2024 टी20 विश्व कप में भारत को खिताबी जीत दिलाने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का शानदार अंत किया था। रैना ने कहा, मुझे अब भी लगता है कि विराट कोहली ने टी20 अंतरराष्ट्रीय से जल्दी संन्यास ले लिया। जिस लय के साथ वह अभी खेल रहे हैं और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान जिस लय में थे, उसके आधार पर वह 2026 तक खेल सकते थे। जिस तरह से उन्होंने अपनी फिटनेस को बनाए रखा है, उससे लगता है कि वह अभी भी अपने चरम पर हैं।35 वर्षीय इस खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया था। कोहली ने 125 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 48.69 की औसत से 4188 रन बनाए हैं।

## ज्यादा खुश ना हों वैभव सूर्यवंशी... वीरेंद्र सहवाग ने दे डाली चेतावनी, क्यों कहा विराट कोहली से सीखो?

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक, वीरेंद्र सहवाग ने युवा वैभव सूर्यवंशी को राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल 2025 के मैच के बाद एक सलाह दी। बता दें कि राजस्थान रॉयल्स 11 रनों से आरसीबी से मैच हार गई। 18वें ओवर तक आरआर के हाथ में मैच था।14 साल के वैभव सूर्यवंशी, जो अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पहली ही गेंद पर छक्का मारकर अपने आईपीएल करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने एलएसजी के खिलाफ 20 गेंदों में 34 रन बनाकर सबको इम्प्रेस किया। उन्होंने आरसीबी के खिलाफ भी अपनी छक्के मारने की ताकत दिखाई। युवा क्रिकेटर ने अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पर हमला किया और उन्हें बोल्ड होने से पहले दो छक्के मारे।क्रिकबज से बात करते हुए, सहवाग ने युवा खिलाड़ी को जमीन से जुड़े रहने और खेल पर ध्यान न खोने की सलाह दी। उन्होंने कई ऐसे उदाहरण दिए जहां क्रिकेटरों ने सिर्फ एक या दो मैच खेलने के बाद खेल पर नियंत्रण खो दिया। सहवाग ने कहा, अगर आप यह जानकर मैदान पर उतरते हैं कि अच्छा करने पर आपकी तारीफ होगी और अच्छा न करने पर आलोचना, तो आप जमीन से जुड़े रहेंगे।

## ऑक्शन में नीता अंबानी से हुई बड़ी गलती... आंखों के आगे से निकल गया ये खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** नीता अंबानी और आकाश अंबानी की मुंबई इंडियंस टीम ने एक खिलाड़ी को आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में नहीं खरीदा। अब वही खिलाड़ी दूसरी टीम के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहा है। इस खिलाड़ी का नाम टिम डेविड है। टिम डेविड को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने खरीद लिया था। डेविड ने आईपीएल इस सीजन में जमकर रन कूटे हैं।मुंबई ने पहले टिम डेविड को 8.25 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन इस बार आरसीबी ने उन्हें सिर्फ 3 करोड़ रुपये में खरीद लिया। टिम डेविड ने मुंबई इंडियंस के लिए तीन सीजन में 658 रन बनाए थे। नीता अंबानी और आकाश अंबानी की टीम मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में टिम डेविड को वापस नहीं खरीदा। यह ऑक्शन जेद्दा में हुआ था। मुंबई ने टिम डेविड की जगह इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स को टीम में शामिल किया। मुंबई ने विल जैक्स को 5.25 करोड़ रुपये में खरीदा।मुंबई ने पहले टिम डेविड को आईपीएल 2022 के मेगा ऑक्शन में 8.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। टिम डेविड ने मुंबई के लिए 2022 से 2024 तक तीन सीजन खेले। उन्होंने 170 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 658 रन बनाए। लेकिन, आईपीएल 2025 के ऑक्शन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने उन्हें सिर्फ 3 करोड़ रुपये में खरीद लिया। टिम डेविड अब आरसीबी के लिए खेल रहे हैं।

**दक्षिण एशिया कबड्डी चैम्पियनशिप 2025**

# छत्तीसगढ़ के बेटे ने भारत को बनाया वर्ल्ड चैंपियन, अंडर 19 टीम का किया प्रतिनिधित्व कर दिलाई जीत

खेल संवाददाता ● बलौदाबाजार

भारत ने आज दक्षिण एशिया कबड्डी चैम्पियनशिप 2025 के अंडर19 में जीत हासिल कर ली है. हाल ही में भारतीय कबड्डी टीम ने नेपाल में ही नेपाल की टीम को 7 अंकों से शिकस्त देकर भारत को वर्ल्ड चैम्पियन बनाया है. यह पूरे देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के लिए भी गर्व का विषय है, क्योंकि भारतीय टीम को लीड करने वाला होनहार कैप्टन सोमेश साहू छत्तीसगढ़ से है, जिसने विश्व स्तर पर भारत का परचम लहराने में अहम भूमिका निभाई है।

सोमेश साहू छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले के ग्राम मरदा का रहने वाला है. वह एक साधारण से किसान परिवार का लड़का है और स्वामी आत्मानंद विघालय लवन में कक्षा 11 वीं का छात्र है. सोमेश ने लल्लूराम डॉट कॉम से कबड्डी के सफर को लेकर बताया कि वह बचपन से कबड्डी खेलता था. इसके बाद जब छत्तीसगढ़ ओलंपिक खेल में कबड्डी को भी शामिल किया, तब उसे राज्य के लिए खेलने का मौका मिला. राज्य स्तर में बेहतर प्रदर्शन के बाद उसका सलेक्शन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ, जहां उसे देश की टीम का प्रतिनिधित्व करने मिला.सोमेश साहू ने नेपाल में आयोजित दक्षिण एशिया कबड्डी चैम्पियनशिप 2025 में हिस्सा लिया, जिसमें उसकी टीम ने फायनल में जीत हासिल कर चैम्पियनशिप अपने नाम कर लिया है.

सोमेस ने बताया कि कबड्डी को लेकर अब तक उसके सफर में उसे कोई शासकीय सहायता नहीं मिली. परिवार और जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू ने आर्थिक मदद देकर उसे आगे भेजा. उसने कहा कि जिले में यदि कबड्डी एकेडमी खुल जाता है तो निश्चित ही यहां के खिलाड़ी विश्व में नाम रोशन कर सकते हैं. आपको बता दे कि बलौदा बाजार शुरू से ही कबड्डी खेल में अग्रणी भूमिका निभाया है और राष्ट्रीय स्तर पर यहां के खिलाडियों ने प्रतिनिधित्व किया है. और प्रतिवर्ष यहां राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का भी आयोजन होता है. पर यहाँ पर अच्छे कोच व एकेडमी की कमी यहा के खिलाडियों को खलती है.




## मां भेजती थी कबड्डी खेलने

युवा खिलाड़ी सोमेश साहू की मां ने बताया कि घर में इसके पिताजी डांटते थे पर में इसकी लगन को देखती थी, इसलिए खेलने भेज देती थी. आज बहुत अच्छा लग रहा है कि बेटा विश्व चैम्पियनशिप का खिताब लेकर लौटा है. अब पूरा परिवार खुश है.

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, शनिवार, 26 अप्रैल, 2025
www.adityabharat.com





यूके का नॉरफ़ॉक ट्यूलिप फ़ार्म अपने शानदार फूलों के लिए प्रसिद्ध है यहां कई फ़िल्मों की शूटिंग की गई है। इस बार 31,000 दर्शकों ने किंग्स लिन में रॉयल सैंड्रिंघम एस्टेट के पास रंगीन बल्ब के खेतों में घूमने के लिए टिकट खरीदे हैं। खास बात यह है कि यह फार्म सिर्फ़ दो सप्ताह के लिए जनता के लिए खुलता है।

## ट्रम्प प्रशासन ने हजारों छात्रों का किया वीजा रद्द

# छात्रों के निष्कासन के फैसले को इमिग्रेशन लॉयर्स ने दी चुनौती

**एजेंसी ● न्यूयॉर्क**

अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित एक विश्वविद्यालय में अपने चौथे सेमेस्टर में पढ़ रहे एक भारतीय छात्र को 8 अप्रैल 2025 को विवि के इंटरनेशनल स्टूडेंट एडवाइजर की ओर मिले ईमेल में कहा गया, 'हम आपके इमिग्रेशन रिकॉर्ड के बारे में आपसे संपर्क कर रहे हैं। चूंकि हाल ही में देश भर में स्टूडेंट वीजा रद्द करने की कार्रवाई हुई है, जिसके परिणामस्वरूप बहुत गिरफ्तारियां हुई हैं, इसलिए हम नियमित रूप से अपने इमिग्रेशन डेटाबेस की जाँच कर रहे हैं।' ईमेल में आगे कहा गया, 'हमें आपको यह बताते हुए अत्यंत खेद है कि आज सुबह आपके रिकॉर्ड को एसईवीपी द्वारा समाप्त के रूप में चिह्नित कर दिया गया है, जो यह दर्शाता है कि अमेरिकी सरकार का मानना है कि आपने अपनी स्थिति का उल्लंघन किया है।' ईमेल में छात्र को यह भी बताया गया कि अब वह विश्वविद्यालय के बाहर अपनी पढ़ाई या काम जारी रखने के लिए पात्र नहीं है, तथा उसे जितनी जल्दी हो सके अमेरिका से अपने देश लौटना होगा। विश्वविद्यालय से प्राप्त ईमेल में छात्र को चेतावनी दी गई थी कि अब उसे संभावित रूप से गिरफ्तार किया जा सकता है और निर्वासित किया जा सकता है। 2022 में उस पर तेज गति से गाड़ी चलाने का जुर्माना लगा था, जिसे वह पहले ही भर चुका था। होमलैंड सुरक्षा विभाग या किसी अन्य सरकारी एजेंसी या यहां तक कि भारतीय वाणिज्य दूतावास से भी इस छात्र तक कोई अन्य जानकारी नहीं पहुंची। यह उन सैकड़ों आप्रवासी छात्रों में से एक है, जिनका वीज़ा या एसईवीआईएस (स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर इंफर्मेशन सिस्टम) स्टेटस अमेरिकी सरकार द्वारा अप्रैल 2025 के पहले कुछ दिनों में बिना किसी पूर्व चेतावनी या नोटिस के अचानक रद्द कर दिया गया।

**चुनौती**



अमेरिकन इमिग्रेशन लॉयर्स एसोसिएशन (एआईएलए) द्वारा 17 अप्रैल को जारी एक पॉलिसी में संकेत दिया गया है कि 'विदेश विभाग (डीओएस) और इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एंफोर्समेंट (आईसीई) आक्रामक तरीके से अंतरराष्ट्रीय छात्रों को निशाना बना रहे हैं, जिनमें वे छात्र भी शामिल हैं जिनका विरोध प्रदर्शन (अमेरिका में किसी मुद्दे पर प्रोटेस्ट करना) करने का कोई इतिहास नहीं है, ताकि उनका वीजा रद्द किया जा सके और उन्हें डिपोर्ट किया जा सके।' इसका मतलब यह है कि इन छात्रों को अमेरिकी सरकार ने तुरंत अपने देश लौटने को कहा है। एआईएलए की रिपोर्ट के अनुसार, एसईवीआईएस निरस्तीकरण का सामना कर रहे 83 प्रतिशत छात्रों को केवल उनके विश्वविद्यालय से ही नोटिस प्राप्त हुआ, इसके अलावा कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई। जिन लोगों के वीजा रद्द किए गए उनमें से 57% को उनके गृह देश के अमेरिकी वाणिज्य दूतावास से नोटिस प्राप्त हुआ, बाकी को तो कोई नोटिस भी नहीं मिला। अब छात्र विभिन्न राज्यों में कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं, जिसमें अदालती मामले भी शामिल हैं। साथ ही, अमेरिकी सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों को लेकर छात्रों और अप्रवासियों में व्यापक भय व्याप्त है।

## शॉट न्यूज

### डीपसीक ने किया 15 लाख उपभोक्ताओं का डाटा लीक

**बीजिंग**। चीनी जेनेरिक एआई प्लेटफॉर्म डीपसीक द्वारा बिना मंजूरी 15 लाख उपभोक्ताओं का निजी डाटा चीन भेजने का मामला सामने आया है। रेडियो फ्री एशिया (आरएफए) की एक रिपोर्ट के अनुसार, डीपसीक ने दक्षिण कोरिया में अपने संक्षिप्त संचालन के दौरान ही उचित सहमति के बिना कोरियाई यूजरों के निजी विवरण चीन में 3 व अमेरिका में 1 कंपनी को भेज दिए। दक्षिण कोरियाई डाटा संरक्षण प्राधिकरण ने यह जानकारी दी। डीपसीक का चैटबॉट एप्लिकेशन एपल के आईफोन पर सबसे लोकप्रिय डाउनलोड बन गया है यहां तक कि ओपनएआई के चैटजीपीटी को भी इसने पीछे छोड़ दिया है। इसे लेकर शुरुआत से ही संवेदनशील विषयों की सेंसरशिप, डाटा गोपनीयता के मुद्दों और चीनी सरकार के साथ इसके संबंधों के बारे में भी चिंता जताई जा चुकी है।

### कांगों में सोने की खदान धंसी, 10 लोगों की मौत

**कांगो**। कांगो से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां पूर्वी कांगो के दक्षिण किवु प्रांत में एक कारीगर सोने की खदान ढह गई, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बुधवार देर रात कबारे क्षेत्र के लुहिही नाम की खदान में हुआ, जो विद्रोहियों के नियंत्रण वाले इलाके में है। मामले में विद्रोही समूह द्वारा नियुक्त उप-गवर्नर दुनिया मसुम्बुको ब्वेंज ने जानकारी दी कि यह हादसा जलवायु परिवर्तन के कारण आई प्राकृतिक आपदा की वजह से हुआ। उन्होंने कहा कि खदान में सुरक्षा मानकों की भारी अनदेखी की गई थी। बता दें कि मामले में मृतकों का आंकड़ा बढ़ भी सकता है।इस हादसा की पूर्व गवर्नर जीन-जैक्स पुरुसी ने भी पुष्टि की है। साथ ही उन्होंने बताया कि कई शव अभी भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं।

### गुरुद्वारे में तोड़फोड़ के संदिग्धों की तस्वीरें जारी

**टोरंटो**। कनाडा के वैंकूवर में पुलिस ने पिछले हफ्ते रॉस स्ट्रीट पर खालसा दीवान सोसाइटी गुरुद्वारे में तोड़फोड़ करने के संदिग्ध एक वाहन और दो लोगों की तस्वीरें जारी की हैं। वैंकूवर सन की रिपोर्ट के अनुसार, जब शनिवार की सुबह इसे अंग्रेजी और पंजाबी दोनों में भित्तिचित्रों से स्प्रे किया गया था, तब ये संदिग्ध गुरुद्वारे के बाहर थे। इसमें बेअदबी वाले अपशब्द भी शामिल थे। पुलिस ने इनके चित्र जारी कर उन्हें पहचानने वालों को पुलिस या सार्जेंट से संपर्क करने को कहा है। मामले में वैंकूवर पुलिस विभाग के प्रवक्ता स्टीव एडिसन ने कहा, वाहन शनिवार सुबह 4 से 4:30 बजे के बीच अपराध के समय आसपास के क्षेत्र से होकर गुजरा। हमारा मानना है कि इन लोगों को इस अपराध और प्रेरणा के बारे में जानकारी हो सकती है।

# पोप फ्रांसिस के फ्यूनरल में शामिल होने राष्ट्रपति मुर्मू वेटिकन रवाना

**अल्पसंख्यक मंत्री किरण रिजिजू भी साथ गए**

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के फ्यूनरल में शामिल होने के लिए आज वेटिकन रवाना हो गई हैं। उनके साथ अल्पसंख्यक मंत्री किरण रिजिजू, राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और गोवा विधानसभा के उपाध्यक्ष जोशुआ डी सूजा भी गए हैं। पोप का 21 अप्रैल को 88 साल की उम्र में स्ट्रोक और हार्ट फैलियर से निधन हुआ था। उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शनों के लिए सेंट पीटर्स बेसिलिका में रखा गया है। आज अंतिम दर्शन का आखिरी दिन हैं। इसके बाद आज शाम उनके ताबूत को बंद कर दिया जाएगा। पोप का अंतिम संस्कार 26 अप्रैल यानी कल किया जाएगा। अंतिम संस्कार में दुनियाभर के नेता और आम लोग जुटेंगे। अपनी मृत्यु से एक दिन पहले पोप फ्रांसिस ने ईस्टर संडे के लिए मौन आशीर्वाद दिया। उन्होंने एक बयान जारी कर गाजा समेत दुनिया भर में चल रहे संघर्ष पर बात की और शांति की अपील की। पोप के निधन पर भारतीय गृह मंत्रालय ने 3 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है।



**वेटिकन में नहीं दफनाया जाएगा पोप का शव** - पोप फ्रांसिस को वेटिकन में नहीं दफनाया जाएगा। वे एक सदी से भी ज्यादा वक्त में वेटिकन के बाहर दफन होने वाले पहले पोप होंगे। आमतौर पर पोप को वेटिकन सिटी में सेंट पीटर्स बेसिलिका के नीचे गुफाओं में दफनाया जाता है। लेकिन पोप फ्रांसिस को रोम में टाइबर नदी के दूसरी तरफ मौजूद सांता मारिया मैगीगोर बेसिलिका में दफनाया जाएगा। पोप ने सांता मारिया मैगीगोर बेसिलिका में अपने दफन होने का बात का खुलासा दिसंबर 2023 में किया था। उन्होंने बताया था कि वे मैगीगोर बेसिलिका से खास जुड़ाव महसूस करते हैं। वे यहां वर्जिन मैरी के सम्मान में रविवार की सुबह जाते थे। सांता मारिया मैगीगोर में 7 अन्य पोप को भी दफनाया गया है। पोप लियो XIII आखिरी पोप थे जिन्हें वेटिकन से बाहर दफनाया गया था। उनकी मृत्यु 1903 में हुई थी।

# आतंकियों महले की रिपोर्टिंग पर न्यूयॉर्क टाइम्स को फटकार

**एजेंसी ● वॉशिंगटन**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स (न्यूयॉर्क टाइम्स) विवादों में घिर गया है। अखबार ने अपनी एक रिपोर्ट में हमले के लिए जिम्मेदार आतंकियों को 'मिलिटेंट्स' (उग्रवादी) लिखा, जिसके बाद अमेरिकी संसद समिति ने इसकी कड़ी आलोचना की है। समिति ने न्यूयॉर्क टाइम्स पर आतंकवादियों की पहचान को 'बंदूकधारी' या 'चरमपंथी' जैसे शब्दों के पीछे छिपाने का आरोप लगाया। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में 26 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। इस हमले को लेकर न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर का शीर्षक दिया गया, ''कश्मीर में उग्रवादियों ने कम से कम 24 पर्यटकों को गोली मार दी'' और बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ''इस गोलीबारी को, जो क्षेत्र में नागरिकों के खिलाफ वर्षों में सबसे भीषण घटना है, एक 'आतंकवादी हमला' कहा है और अपराधियों को न्याय के शिकंजे में लाने का संकल्प जताया है।'' इस पर अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के निचले सदन की विदेश मामलों की समिति ने कड़ा ऐतराज जताया। इसने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "अरे, न्यूयॉर्क टाइम्स हमने आपके लिए इसमें सुधार कर दिया है। यह स्पष्ट तौर पर एक आतंकवादी हमला था। चाहे वह भारत हो या इजरायल, जब आतंकवाद की बात आती है तो न्यूयॉर्क टाइम्स वास्तविकता से दूर हो जाता है।" पोस्ट में, विदेश मामलों की समिति ने एक तस्वीर शेयर की जिसमें शीर्षक में ''उग्रवादियों'' शब्द को काट कर उसके स्थान पर लाल रंग में बड़े अक्षरों में ''आतंकवादी'' शब्द लिखा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी न्यूयॉर्क टाइम्स की इस शब्दावली को लेकर आलोचना हुई। कई यूजर्स ने इसे 'वामपंथी प्रचार' करार देते हुए कहा कि अखबार आतंकवादियों को सही नाम देने से बच रहा है।

## बेल्जियम के रहने वाले दो युवाओं के पास से मिली विशेष चीटिंयां...

# 5 हजार अफ्रीकी चीटियों के साथ दो गिरफ्तार, कोर्ट सुनाएगी सजा

**एजेंसी ● बेल्जियम**

अफ्रीकी देश केन्या में चीटियों की तस्करी से जुड़ा एक मामला सामने आया है। यहां पुलिस ने बेल्जियम के दो युवाओं को हजारों चीटियों के साथ गिरफ्तार किया है, इन चीटियों की कीमत करीब 9,200 डॉलर बताई जा रही है। कथित तौर पर इनको तस्करी करके यूरोपीय और एशियाई बाजारों में ले जाया जाना था। पुलिस ने इन युवाओं को गिरफ्तार करके जज के सामने पेश किया।केन्या के मुख्य एयरपोर्ट पर बैठी कोर्ट में जज नजेरी थुकू ने कहा कि वह इस मामले में कोई जल्दबाजी नहीं करेंगी, लेकिन 7 मई को सजा सुनाने के पहले इसके पर्यावरणीय प्रभाव और लड़कों की साइक्लॉजिकल स्थितियों की रिपोर्ट देखेंगीं। रिपोर्ट के मुताबिक बेल्जियम के दो 19 बर्षीय लोनॉर्य डेविड और सेप्पे लोडेविज्क्स को 5 अप्रैल को एक गेस्ट हाउस में 5 हजार चीटियों के साथ गिरफ्तार किया गया था। 15 अप्रैल को इन दोनों पर केन्या के वन्य जीव संरक्षण कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया। जज के सामने अपने बचाव को रखते हुए दोनों ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि चीटियों को रखना अवैध है, वह तो बस मौज-मस्ती के लिए ऐसा कर रहे थे।

**मामला**



इस मामले को लेकर केन्या वन्यजीव सेवा समिति ने कहा कि यह मामला तस्करी के रुझान में बदलाव को दर्शाता है। पहले बड़े स्तनधारियों की तस्करी की जाती थी लेकिन अब छोटे लेकिन पारिस्थिति रूप से महत्वपूर्ण प्रजातियों की तस्करी की जाती है। पुलिस ने बताया कि दोनों युवा बेल्जियम से पर्यटक वीजा पर केन्या आए थे। यहाँ पर वह पश्चिमी शहर नेवाशा में एक गेस्ट हाउस में रुके हुए थे। यह शहर पशु पार्क और झीलों के लिए लोकप्रिय है। दोनों की वकील ने प्रेस को बताया कि दोनों को इस बारे में जानकारी नहीं थी कि वह जो कर रहे हैं वह अवैध है। हमें उम्मीद है कि बेल्जियम दूतावास इस न्यायिक प्रक्रिया में उनका समर्थन करेगा।

केन्या में इन दिनों चीटियों की तस्करी बढ़ रही है। ऐसा ही एक और केस हाल ही में सामने आया था जिसमें एक कैन्याई और एक वियतनामी शख्स के पास से करीब 400 चीटियां मिली थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक सभी चार संदिग्ध यूरोप और एशिया के बाजारों में इनकी तस्करी में शामिल थे। जिन चीटियों को यह लोग तस्करी कर रहे थे वह मेसर सेफेलोट्स हैं, जो पूर्वी अफ्रीका में पाई जाने वाली एक विशिष्ट, बड़ी लाल रंग की हार्वेस्टर चीटी होती हैं। इन चीटियों को वह लोग खरीदते हैं जो उन्हें पालतू के रूप में रखते हैं या उन्हें अपनी कॉलोनियों में देखते हैं। यूरोप की कई वेबसाइटों ने अलग-अलग कीमतों पर बिक्री के लिए चीटियों की कई प्रजातियों को रखा हुआ है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)